CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFL1 User: cci Time: 12-25-2025 22:26 Color:



WATCH GOD WA

# NB नवभारत



**बांग्लादेश** नैशनलिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान लंदन से 17 साल बाद ढाका लौटे।

ढाका इंटरनैशनल एयरपोर्ट से रोड शो किया। समर्थकों की भीड़ इतनी थी कि 13 किमी. लंबे रूट पर ही 3 घंटे लग गए।

AFP

### BNP के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की 17 साल बाद वापसी

# खालिदा के बेटे का संदेश 'हिंदू-मुस्लिम...सबका देश'

■ पीटीआई, ढाका (बांग्लादेश)

**बांग्लादेश** नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद स्वदेश लौटे। गुरुवार को ढाका में तारिक के स्वागत में एक लाख से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ता उमड़े। अगले साल 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों में 60 वर्षीय तारिक रहमान पीएम पद के प्रमुख दावेदार होंगे।

लाखों समर्थकों के बीच पहली रैली में तारिक ने यही कहा कि बांग्लादेश मुसलमानों, हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों- सबका देश है। हमारी पार्टी सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहती है। ऐसा बांग्लादेश जहां महिलाएं, पुरुष और बच्चे सुरक्षित रूप से अपने घर से निकल सकें और वापस लौट सकें। ...हम देश में शांति कायम करेंगे। नया बांग्लादेश बनाएंगे। » पेज 10



वापसी पर तारिक रहमान ने सबसे पहले बांग्लादेश की मिट्टी छुई।

AP

## अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर बैन

**बांग्लादेश की** अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में तारिक रहमान पीएम पद के प्रमुख दावेदार हैं। उनकी वापसी ऐसे समय में हुई है जब दो प्रमुख युवा नेताओं की हत्या के बाद से देश में अशांति और राजनीतिक अस्थिरता की नई लहर जारी है, जिसने पूरे बांग्लादेश को चपेट में ले लिया है।

## एक और हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग

बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला गया। बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक, घटना बुधवार रात राजबाड़ी जिले के होसैनडांगा गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रूप में हुई है। भीड़ ने जबरन वसूली का आरोप लगाकर उसे मार डाला। वह होसैनडांगा गांव का ही निवासी था। अमृत के खिलाफ पांगशा में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए भीड़ ने हत्या कर दी थी।

## सेंगर की जमानत के खिलाफ SC में अर्जी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** उन्नाव रेप केस में कुलदीप सिंह सेंगर की जेल की सजा निलंबित करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील अंजली पटेल और पूजा शिल्पकार की ओर से दायर याचिका में हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। वकीलों ने कहा कि निचली अदालत ने कमेंट किया था कि सेंगर को जीवन भर जेल में रहना होगा, इस पर ध्यान नहीं दिया गया। सेंगर को जमानत देने के फैसले के खिलाफ CBI जल्द ही सुप्रीम कोर्ट जाएगी। » पेज 5




**CBI भी जमानत के विरोध में जल्द सुप्रीम कोर्ट जाएगी**

## कर्नाटक में स्लीपर बस में टक्कर के बाद लगी आग, 5 ज़िंदा जले

■ पीटीआई, चित्रदुर्ग (कर्नाटक)

**कर्नाटक के** चित्रदुर्ग में बुधवार रात ट्रक से टकराने के बाद स्लीपर बस आग लग गई। हादसे में बस में सवार एक बच्चे समेत 5 यात्री और ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गए। 32 यात्रियों को लेकर बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी और हादसा NH-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला कि ट्रक ने सीधे बस के डीजल टैंक में टक्कर मारी, जिससे डीजल टैंक लीक हो गया और आग लग गई।




**पुलिस बोली** बस के टैंक में ट्रक की टक्कर से हादसा।


**रेवाड़ी में ट्रक-कार टक्कर, 3 मौतें :** रेवाड़ी के नारनौल में बुधवार रात ट्रक से टक्कर के बाद कार सवार वकील, व्यापारी समेत तीन लोग जिंदा जल गए। हादसा NH152-डी पर टोल प्लाजा से कुछ दूर हुआ। (NBT)

## अटके प्रोजेक्ट के खरीदारों को घर दिलाने की तैयारी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार जल्द ही SWAMIH-2 फंड लॉन्च करने की तैयारी में है। इसका मकसद अटके प्रोजेक्ट को पूरा करना और मकान खरीदारों को जल्द पजेशन दिलाना है। 15 हजार करोड़ रुपये के फंड से करीब एक लाख मध्यम वर्ग के बायर्स को राहत मिलने की उम्मीद है। 2019 में शुरू किए गए SWAMIH-1 के तहत अब तक 55,000 से अधिक घर पूरे किए जा चुके हैं। » पेज 7



## नीला आसमान... धूप से राहत, तेज़ हवा से प्रदूषण में भी सुधार




Anushka Kogta

दिल्ली में गुरुवार को आसमान नीला दिखा। धूप भी खिली। तेज हवा चलने से गुरुवार को प्रदूषण घटा। दिल्ली का AQI महज 235 ही रहा। » पेज 3

**अलीगढ़ में वारदात**

## AMU कैंपस में टीचर की हत्या

■ **NBT न्यूज, अलीगढ़:** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी कैंपस में टहल रहे टीचर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम अली ने बताया कि यूनिवर्सिटी से संबद्ध एबीके यूनियन हाई स्कूल के टीचर राव दानिश अली बुधवार रात अपने दो सहकर्मियों के साथ कैनडी सभागार के पास टहल रहे थे, तभी नकाबपोश कुछ लोगों ने गोली मार दी।




**करते रहे इंतजार** क्रिसमस का मजा हुआ फीका, 31 दिसंबर को भी हो सकती है दिक्कत

## गुड़गांव में गिग वर्कर्स की हड़ताल का दिखा असर, ऑर्डर हुए कैंसल

■ NBT न्यूज, गुड़गांव

**क्रिसमस के** जश्न के बीच गुड़गांव में गिग वर्कर्स की हड़ताल के ऐलान का असर दिखा। ऑनलाइन फूड ऑर्डर करने वाले हजारों लोगों को समय पर खाना, केक और पार्टी से जुड़ा सामान नहीं मिल सका। कई फूड डिलिवरी ऐप पर ऑर्डर बुक करने पर या तो फूड डिलिवरी उपलब्ध नहीं थी या फिर ऑर्डर देने के बाद कैंसल हो गए। खासकर उन परिवारों और बैचलर्स को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी, जिन्होंने घर पर पार्टी या फैमिली डिनर की योजना बनाई थी। यह समस्या 31 दिसंबर को भी झेलनी पड़ सकती है।



**गिग वर्कर्स** यूनियन ने इंसेंटिव को लेकर हड़ताल का किया है ऐलान

रेस्तरां संचालकों का कहना है कि 31 दिसंबर सबसे व्यस्त दिन होता है। अगर उस दिन भी सेवाएं प्रभावित रहीं तो बिजनेस पर असर पड़ सकता है। दुकानदारों ने बताया कि ऑनलाइन ऑर्डर अचानक कैंसल हुए हैं। सुबह से शाम 5 बजे तक परेशानी रही। गिग वर्कर्स ने इंसेंटिव की मांग को लेकर 31 दिसंबर को भी सेवाएं बाधित रखने का ऐलान किया है। एक डिलिवरी बॉय ने बताया कि कंपनियां मनमानी शर्तें थोप रही हैं। अभी सिर्फ 5 रुपये प्रति किमी के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है, जो बेहद कम है। हमारे पास ऑर्डर मना करने का विकल्प भी नहीं है।

## काम की खबरें

नई दिल्ली स्टेशन अजमेरी गेट की तरफ अब दो प्रीमियम पार्किंग। पिक-ड्रॉप लेन में ऑटो बैन।

महिलाएं जल्द ऐप से कैब बुक करते महिला ड्राइवर चुन सकेंगी, विकल्प मिलेगा। पेज 10



इग्नू में 31 जनवरी तक UG, PG के लिए ignouadmission.samarth.edu.in पर आवेदन करें। देखें अंदर

रेलवे ने कहा कि 26 से पहले टिकट बुक करने वालों को बढ़ा किराया नहीं देना होगा।

दिल्ली टूरिज्म का 'विंटर कार्निवल' 27 और 28 दिसंबर को दिल्ली हाट जनकपुरी में होगा।

NBT खेल
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर। शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

हर कोई रोहित शर्मा और विराट कोहली को खेलते देखना चाहता है। हालांकि, इन दोनों का शुरुआत से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना तय नहीं था। ऐसे में अचानक इनके मैच का टेलिकास्ट करवाना मुश्किल होता। -रविचंद्रन अश्विन, पूर्व इंटरनैशनल क्रिकेटर





**1**

नंबर पर हैं ब्रहम यूच ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की लिस्ट में। उनके नाम 22211 रन हैं। दूसरे स्थान पर ग्रीम हिक (22059 रन) और तीसरे पर सचिन तेंडुलकर (21999) हैं

## MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

**आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें**

1. भारत-श्रीलंका के बीच विमिंस टी20I सीरीज का तीसरा मैच कहां खेला जाएगा?
A) मुंबई B) बेंगलुरु C) विशाखापतनम D) तिरुवनंतपुरम

2. SA20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम के हेड कोच कौन हैं?
A) केशव महाराज B) एडी फ्लावर C) सौरव गांगुली D) ब्रेंडन मैकुलम

3. द एशेज 2025/26 सीरीज के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कौन हैं?
A) स्टीव स्मिथ B) पैट कमिंस C) मिचेल स्टार्क D) मार्नस लाबुशेन

**कल के जवाब**
1. D) सचिन तेंडुलकर
2. A) दोहा

**लकी विनर्स**



1. श्रीनियश मावी, दयालपुर, दिल्ली
2. संगीत चूरिया, लखनऊ, उ. प्र.
3. सरोज जैन, ठाणे, महाराष्ट्र

**आप अपने जवाब हमें**
**9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

## फटाफट खबरें

### अब करप्शन खत्म: PM

■ **नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 से पहले खेलों और टीम चयन में जो अनियमितताएं थीं, वे अब समाप्त हो चुकी हैं और आज गरीब परिवारों के बच्चे भी प्रतिभा और मेहनत के दम पर शीर्ष स्तर तक पहुंच रहे हैं। 'सांसद खेल महोत्सव' में उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवा निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मजबूत माध्यम बन रहा है। महोत्सव गांव-शहर से प्रतिभाएं सामने ला रहा है।

### जीव बने चैंपियन

■ **कोलंबो:** भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 13 साल बाद IGPL इनविटेशनल श्रीलंका गोल्फ टूर्नामेंट जीतकर दमदार वापसी की। 54 वर्षीय जीव ने कुल 15 अंडर स्कोर के साथ आर्यन रूपा आनंद को एक शॉट से हराया।

### HIL का टिकट फ्री

■ **नई दिल्ली:** हॉकी इंडिया लीग 2025-26 के चेन्नै चरण के लिए टिकट बिक्री शुरू हो गई है। सभी मैचों के टिकट फ्री रखे गए हैं। मेंस लीग 3 जनवरी से, जबकि विमिंस लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी।

एशेज सीरीज का चौथा मैच आज से, ऑस्ट्रेलिया 3-0 से ले चुका है अजेय बढ़त

# सम्मान के लिए लड़ेगा इंग्लैंड

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** क्रिकेट जगत के दो सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वी आज से एक बार फिर आमने-सामने होंगे, लेकिन तस्वीर पूरी तरह बदली हुई होगी। दरअसल, बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम अपने मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे में इस लक्ष्य के साथ आई थी कि वह पंद्रह साल बाद प्रतिष्ठित एशेज सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में शिकस्त देने का कारनामा करेगी। लेकिन, हुआ इसका उल्टा। पहले तीनों टेस्ट में हार के साथ ही 0-3 के स्कोर के साथ इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज पहले ही गंवा चुकी है। इतना ही नहीं, इंग्लैंड के प्लेयर्स पर जमकर शराब पीने के आरोपों के चलते टीम की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है और यह मैसेज गया है कि प्लेयर्स मौज-मस्ती के मूड में अपने मूल कर्तव्य को लेकर गंभीर नहीं हैं। अब इंग्लिश टीम के सामने बचे हुए दो मैचों में सीरीज का समापन सम्मानपूर्ण तरीके से करने की चुनौती है, जो कतई मुश्किल टास्क लग रहा है। साफ है कि बुधवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे बॉक्सिंग डे टेस्ट में इंग्लैंड को कई मोर्चों पर जूझना होगा।



द एशेज

**मेजबान चोटों से प्रभावित:** इंग्लैंड हालांकि इस बात से थोड़ी राहत की सांस ले सकती है कि अपने कुछ अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी पूरी क्षमता के साथ नहीं खेल रही होगी। नियमित कप्तान पैट कमिंस के अलावा दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन भी चोटिल होने के कारण नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया है और लियोन की जगह किसी स्पिनर को टीम में शामिल नहीं किया जाएगा।

एडिलेड में तीसरे टेस्ट में लियोन को चोट लगी थी जिनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को बुलाया गया। एमसीजी की पिच पर हालांकि घास को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया ने मर्फी को बाहर रखने का फैसला किया है। लियोन और कमिंस के बाहर होने से जोश इंग्लिस, जाय रिचर्डसन, ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसर तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।



पिच का निरीक्षण करने पहुंचे कप्तान स्टीव स्मिथ (बाएं) और मार्नस लाबुशेन

> आपको पिच के हिसाब से टीम चुननी होती है और एमसीजी की इस पिच को देखकर लगता है कि यहां तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी।
> – स्टीव स्मिथ, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया

**90.63**
स्ट्राइक रेट रहा है ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हेड का सीरीज में। यह एशेज सीरीज के इतिहास में कम से कम सौ रन बनाने वाले किसी ओपनर का सर्वाधिक स्ट्राइक रेट है

**प्लेइंग XI**

**ऑस्ट्रेलिया (संभावित):** जेक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, जाय रिचर्डसन, स्कॉट बोलैंड
**इंग्लैंड (घोषित):** जैक क्राउली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टंग

**7** रन और चाहिए इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक को करियर में 3000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए। दूसरी ओर, इंग्लैंड के ही बेन डकेट को भी अपने 3 हजार रन पूरे के लिए और 31 रन चाहिए

### नए माइलस्टोन के करीब पहुंचे स्टार्क

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मौजूदा सीरीज में शानदार लय में हैं। उन्होंने जोश हेजलवुड और पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में अकेले दम इंग्लैंड को परेशानी में डाला है और टीम को जीत दिलाने में गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी भूमिका निभाई है। स्टार्क सिडनी में खेले जाने वाले सीरीज के अंतिम टेस्ट तक पैट कमिंस और नाथन लियोन को पीछे छोड़कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन सकते हैं। स्टार्क ने 2019 से 2025 के बीच WTC के 52 टेस्ट मैचों में 213 विकेट लिए हैं। अगले 2 टेस्ट में 12 विकेट लेने पर उनके 225 विकेट हो जाएंगे और वह WTC के सबसे सफल गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल वह इस मामले में तीसरे नंबर पर हैं। स्टार्क जिस तरह की फॉर्म में हैं उनके लिए दो मैचों में 12 विकेट का टारगेट कतई मुश्किल नहीं है।

# दिग्गजों के प्रदर्शन पर आज फिर होंगी निगाहें

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिग्गज विराट कोहली और 'हिटमैन' रोहित शर्मा के लिए आज फिर विजय हजारे ट्रॉफी में जलवा बिखेरने का अवसर होगा। दोनों प्लेयर्स की टीमें दूसरे राउंड के मैच के लिए उतरेंगी। विराट ने टूर्नामेंट के पहले राउंड के मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक जमाया था, जबकि रोहित के बल्ले से जयपुर में सिक्किम के खिलाफ 155 रन निकले थे। फैंस को एक बार फिर उम्मीद होगी कि दोनों भारतीय प्लेयर्स दूसरे राउंड में भी रन बनाना जारी रखें।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

कोहली की टीम दिल्ली बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गुजरात का सामना करेगी। वहीं, मुंबई ओपनर रोहित के साथ जयपुर स्थित सवाई मान सिंह स्टेडियम में उत्तराखंड के खिलाफ उतरेगी। दिल्ली और मुंबई पहले राउंड के मैच जीतने में सफल रही थी और अब उनकी नजरें लगातार दूसरा मैच जीतने पर होंगी।

**पंत के पास मौका:** दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत भी इस घरेलू टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। पहले मैच में यह विकेटकीपर बल्लेबाज बल्ले से कुछ ज्यादा खास नहीं कर सका था और नौ गेंद पर पांच रन बनाकर आउट हो गया था। पंत भारतीय टेस्ट टीम का तो हिस्सा हैं, लेकिन वाइट बॉल क्रिकेट में वह नैशनल टीम से बाहर हैं। वहीं, महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी में 2924 रन बनाए हैं और 3 हजारी क्लब में शामिल होने से केवल 76 रन दूर हैं। वह आज सिक्किम के खिलाफ 76 रन बनाकर इस टूर्नामेंट 3000 रन बनाने वाले 17वें बैटर बन सकते हैं।

**19** मुकाबले खेले जाएंगे विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के राउंड-2 में आज। इनमें से 16 मुकाबले एलीट ग्रुप के होंगे, जबकि 3 प्लेट ग्रुप के



दिल्ली के विराट कोहली

### सिर्फ दो मुकाबलों की होगी लाइव स्ट्रीमिंग

एलीट और प्लेट ग्रुप मिलाकर कुल 19 मुकाबले आज देशभर के अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। हालांकि, राउंड-2 के सिर्फ दो मैच ही स्ट्रीम और ब्रॉडकास्ट होंगे। झारखंड और राजस्थान के बीच अहमदाबाद में होने वाला मैच जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर ब्रॉडकास्ट होगा। असम और जम्मू-कश्मीर के बीच राजकोट में होने वाला मैच जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। अन्य सभी मुकाबले न तो स्ट्रीम होंगे और न ही ब्रॉडकास्ट। पहले राउंड में भी सिर्फ दो मुकाबले स्ट्रीम और ब्रॉडकास्ट करने की वजह से फैंस में नाराजगी थी।

# सीरीज जीत पर हरमन सेना की नजर

**भारत Vs श्रीलंका**
विमिंस टी20I, तीसरा मैच

■ **एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम:** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनैशनल में जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। विशाखापतनम में खेले गए पहले दो मुकाबलों में भारत ने क्रमशः आठ और सात विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। यह भारत की पिछले 11 टी20 मैचों में नौवीं जीत रही, जो टीम की निरंतरता और गहराई को दर्शाती है।

**लय में बल्लेबाजी:** भारतीय बल्लेबाजी क्रम शानदार लय में है और दोनों मुकाबलों में अलग-अलग खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी निभाई। पहले मैच में जेमिमा रोड्रिग्स ने पारी संभाली, जबकि दूसरे मुकाबले में शेफाली वर्मा ने आक्रामक अंदाज में जीत की नींव रखी। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में बैटिंग यूनिट संतुलित नजर आ रही है। गेंदबाजी विभाग भी उतना ही प्रभावी रहा है। स्पिनरों ने श्रीलंकाई बैटर्स को जकड़ कर रखा और पहले मैच में छह विकेट पर 121 तथा दूसरे में नौ विकेट पर 128 रन ही बनाने दिए। युवा गेंदबाज एन श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित लाइन-लेंथ के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



शेफाली वर्मा, कप्तान हरमनप्रीत कौर

**श्रीलंका की बैटिंग कमजोर:** दूसरी ओर, श्रीलंका की बल्लेबाजी शुरुआती दोनों ही मैच में विफल रही है। पहले मैच में श्रीलंका ने छह विकेट पर 121 रन बनाए थे, जबकि दूसरे मैच में टीम 20 ओवर्स में नौ विकेट पर सिर्फ 128 रन ही बना सकी थी।

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारत:** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी
**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, निलाक्षिका सिल्वा, कौशिनी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), कविशा दिलहारी, माल्की मदारा, इनोका रणवीरा, काव्या काविंदी, शशिनी गिम्हानी

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

# EFI से जुड़े क्लबों की अर्जी हुई खारिज

संघ चुनाव विवाद

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारतीय घुड़सवारी महासंघ (EFI) से संबद्ध क्लबों को महासंघ के चुनावी प्रक्रिया में मतदान का कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने चंडीगढ़ स्थित घुड़सवारी क्लब सहित अन्य याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि क्लबों और संस्थागत सदस्यों की भागीदारी राष्ट्रीय खेल संहिता के प्रावधानों के विपरीत है। अदालत ने 23 दिसंबर के आदेश में कहा कि खेल संहिता के खंड 3.9 और 3.10 के अनुसार महासंघ के निर्वाचक मंडल में मतदान का अधिकार संबद्ध राज्य संघों और केंद्र शासित प्रदेश संघों को ही है।

# हेड कोच गांगुली का साथ मिलने से महाराज खुश

क्रिकेट कनेक्ट

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** साउथ अफ्रीका टी20 लीग (SA20) 2025-26 सीजन की शुरुआत से पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के नए कप्तान केशव महाराज ने टीम के हेड कोच सौरव गांगुली के साथ काम करने को लेकर उत्साह जताया है। लीग का चौथा सीजन 26 दिसंबर से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, 'यह प्रिटोरिया कैपिटल्स के साथ मेरा पहला साल है। टीम के कोचिंग स्टाफ में सौरव गांगुली और शॉन पोलॉक के रूप में दिग्गज क्रिकेटर मौजूद हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।'



प्रिटोरिया के कप्तान केशव महाराज

**WPL के लिए टिकट बिक्री आज से**
**मुंबई:** विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के आगामी सीजन के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री 26 दिसंबर 2025 को शाम 6 बजे से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने लीग के चौथे सीजन के लिए 'डिस्ट्रिक्ट' को आधिकारिक टिकटिंग एजेंसी नियुक्त किया है।

# स्पोर्ट्स @2026

**सबसे बड़ा चैलेंज (टेनिस)**

## फिर ताल ठोकेंगे जोकोविच




टेनिस की दुनिया अब एक 'गार्ड चेंज' के दौर से गुजर रही है। 2026 वह साल होगा जहां यह तय हो जाएगा कि क्या एक GOAT (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) नोवाक जोकोविच 39 की उम्र में भी युवाओं से लोहा ले सकते हैं, या फिर टेनिस की नई 'बिग टू' (सिनर और अल्काराज) पूरी तरह से खेल पर कब्जा कर लेगी। फैंस के लिए यह साल भावनाओं, हाई-वोल्टेज मैचों से भरपूर होने वाला है। जोकोविच अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर कुछ नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए ताल ठोकेंगे, तो कार्लोस अल्कराज और यानिक सिनर टेनिस की दुनिया पर अपना पूरा दबदबा कायम करने के लिए तत्पर होंगे।

**सबसे बड़ा सवाल?**

जोकोविच के लिए 2025 का साल मिला-जुला रहा। उन्होंने चारों ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल तक जगह बनाई, लेकिन सिनर और अल्कराज की 'दीवार' नहीं तोड़ पाए। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वह 2028 ओलिंपिक्स तक खेलना चाहते हैं। हालांकि, साल 2026 उनके लिए एक 'लिटमस टेस्ट' होगा। अगर वह इस पूरे साल कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाए तो वह अपने भविष्य पर दोबारा विचार कर सकते हैं।

### सिनर Vs अल्कराज



मेंस टेनिस में पूरे साल असली टक्कर अल्कराज और सिनर के बीच ही होने की उम्मीद है। साल 2025 में दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से टेनिस को एक अलग गति और शक्ति प्रदान की। 2026 में दोनों के बीच 'करियर ग्रैंडस्लैम' पूरा करने की होड़ दिखेगी।


**91%** मैच जीते 2025 में सिनर ने और इस मामले में टॉप पर रहे। सर्वाधिक 71 मैच 8 सिंगल्स खिताब के साथ हालांकि, अल्कराज सबसे आगे रहे

### 2026 के खास पड़ाव

1. **करियर ग्रैंडस्लैम की रेस:** कार्लोस अल्कराज अगर 2026 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत लेते हैं, तो वह इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे जिन्होंने चारों ग्रैंडस्लैम जीते हैं।
2. **कॉनर्स, फेडरर और जोकोविच:** जिमी कॉनर्स के नाम 109 सिंगल्स खिताबों का सर्वकालिक रेकॉर्ड है। जोकोविच (101 खिताब) के साथ इस दूसरे नंबर पर कायम रोजर फेडरर (103 खिताब) के करीब हैं।
3. **भारत में तीसरी बार:** 2026 में भारत में चार एटीपी चैलेंजर इवेंट्स होंगे- बेंगलुरु (5 जनवरी), चेन्नै (9 फरवरी), दिल्ली (16 फरवरी) और पुणे (23 फरवरी)। ऐसा लगातार तीसरे सीजन में होगा।
4. **बदला हुआ कैलेंडर:** नए साल में विंबलडन और कैनेडियन ओपन के बीच 3 हफ्ते का अंतर होगा ताकि प्लेयर्स को रेस्ट मिल पाए

### सबालेंका के सामने 'ट्रायंगल'

विमिंस टेनिस में 2025 में आरिना सबालेंका लगातार टॉप पर बनी रहीं। वह नौ फाइनल्स में पहुंचीं, लेकिन सिर्फ यूएस ओपन जीत सकीं। उन्हें इगा स्वियातेक, कोको गॉफ और एलेना रिबाकिना से कड़ी चुनौती मिली। नए साल में उन्हें फिर 'इगा-कोको-एलिना' के ट्रायंगल को फेस करना होगा।



### साल-2026 के टेनिस के सबसे बड़े इवेंट्स

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू | कोर्ट |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलियन ओपन | 12 जनवरी-1 फरवरी | मेलबर्न | हार्ड |
| फ्रेंच ओपन | 18 मई-7 जून | पैरिस | क्ले |
| विंबलडन | 29 जून-12 जुलाई | लंदन | ग्रास |
| यूएस ओपन | 31 अगस्त-13 सितंबर | न्यूयॉर्क | हार्ड |
| ATP फाइनल्स | 15-22 नवंबर | ट्यूरिन | इंडोर हार्ड |

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन सावधानी बरतने का है। किसी भी नए काम को शुरू करने से पहले उसके कानूनी पहलुओं पर अच्छी तरह से गौर करके चलें। व्यापार के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है। आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। इस पल का आनंद उठाएं।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज दिन की शुरुआत व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है, बशर्ते आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं। प्यार के मामले में आज का दिन ठीक है। घर-परिवार में सुख-शांति और मिठास बनी रहेगी और आपको जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज अगर आप दूसरों की भावनाओं को पहचानकर उनके अनुसार चलेंगे तो आपको काफी आत्मसंतोष होगा। कभी-कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए आप किसी भी कठिन प्रॉब्लम का हल निकालने में सफल हो जाएंगे। बड़ों का आदर करें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे। उन मौकों को पहचानकर उन पर खरा उतरना आपकी जिम्मेदारी है। यह भी सोच लीजिए कि मौके बार-बार दरवाजे पर दस्तक नहीं देते। दिन के उत्तरार्ध में आराम करने के लिए समय मिलेगा। सामाजिक पक्ष से भी आज की कई बात को पूरा करने का आसार आपके पास रहेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का आपका दिन मिलाजुला रहने वाला होगा। आज आपको दिन के पहले हिस्से में दूसरों की अधिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकल आएगा। किसी अपने से थोड़े समय के लिए दूर जाने की स्थिति आ सकती है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा भी निभाएंगे। घर के सभी पुराने कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा। दिन के दूसरे हिस्से में अपने प्रिय के साथ घूमने-फिरने का प्लान बनाया जा सकता है। बिजनेस में किसी तरह का जोखिम उठाने का काम करना फायदेमंद नहीं होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आप अपनी पुरानी देनदारी चुकाने में कामयाब हो जाएंगे। कुछ जरूरी सामान की शॉपिंग करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। ऐसी चीजें कतई न खरीदें जो फिलहाल आपके काम में आने वाली नहीं हैं। आपके विचार पसंद किए जाएंगे। हो सकता है आज कार्यक्षेत्र में सीनियरों के आशीर्वाद से आपकी पदोन्नति हो।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज का दिन आपको बहुत बिजी रखेगा। दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी कामों को निपटाना जरूरी होगा। कोई पुराना दोस्त आज अचानक आपका मेहमान बनकर आ सकता है। अगर आपसे आज के दिन कोई भी व्यक्ति उधार मांगे, तो आप एक बार अपनी सेविंग्स पर जरूर नजर डाल लें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपको आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम में भी आपकी रुचि रहेगी। जरूरी सामान की खरीदारी में शाम का समय बीतेगा। घर में बड़े-बुजुर्गों से बहसबाजी में न उलझें तो अच्छा है। उनकी बात भी सुन लें, क्या पता कभी काम पड़ने पर काम आ जाए।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज सुबह से ही किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर आपके उत्साहित रहेंगे। किसी नए ऑफर को लेकर आज बात बन सकती है। दिल की बात जुबान पर लाने का यह सबसे अच्छा समय है। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ने की बात चल रही है। अपनी उमंगों पर काबू रखें। एक गलती परेशानी में डाल सकती है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज दिन के पहले हिस्से में आपको छोटा-मोटा धन लाभ होगा। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में है समझिए। आज कई तरह के काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता अधिक रहेगी। बेहतर मौके की तलाश में रहें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आप अपने में मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। अपना काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। कार्यक्षेत्र में सभी लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। आप अपने व्यवहार के बल पर अपने सोशल सर्कल में मेलजोल बढ़ाने में कामयाब हो जाएंगे।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

शनि एवं सूर्य वर्ष के स्वामी ग्रह हैं। पिता-पुत्र होने पर भी दोनों में परस्पर सद्भाव का अभाव रहता है। दिसंबर शेष से जनवरी 2026 के अंत तक आपके बिजनेस का विस्तार होगा। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत भी बनेंगे और आपका जीवन स्तर भी पहले से उच्च उठेगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक में आपकी धार्मिक प्रवृत्ति और पाठ पूजा से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इस दौरान पुण्य कार्यों का लाभ भी मिलेगा। अप्रैल माह से लेकर मई-जून के बीच कुछ गुणी लोग आपके कार्य कौशल से प्रभावित होंगे। जुलाई महीने से लेकर अगस्त के महीने तक व्यापारी वर्ग के जातकों की बेहद उन्नति करने का मौका मिलेगा। सितम्बर महीने में दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। अक्टूबर से लेकर नवंबर तक मंगलदायक यात्रा आदि का आयोजन संभव है। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष विशेष लाभकारक सिद्ध होगा, जबकि विद्यार्थी वर्ग को लापरवाही के कारण निराशा का दौर झेलना होगा। इस वर्ष आप जिसमें पूरे उत्साह के साथ काम करेंगे, उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दिसंबर में पुराने समय से रुका हुआ पैसा भी मिलेगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा तथा पुण्य कार्यों पर व्यय का योग भी है। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(शनिवार, 27 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 6, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, सप्तमी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 13, रज्जब 6, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 27 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। सप्तमी तिथि मध्याह्न 1 बजकर 10 मिनट तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 9 बजकर 10 मिनट तक उपरांत उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। व्यतीपात योग दोपहर 12 बजकर 21 मिनट तक उपरांत वरीयान योग का आरंभ। वणिज करण मध्याह्न 1 बजकर 30 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार – अनुराधा षष्ठी, वीर बाल दिवस, जोड़ मेला (पंजाब)।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 4 | | | 1 | |
| | 8 | | 6 | | 1 | | 9 | |
| | | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | 1 | | 5 | | 2 | 8 | |
| | | 5 | 8 | | 4 | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 3 | | 5 | 6 | |
| | | 4 | | | | 1 | | |
| | 2 | | 3 | | 5 | | 7 | |
| | 1 | | | 9 | | | 2 | |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बालू डालू | 14:00 हम पांच |
| 10:00 कद्दूक बुद्धबक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण | 21:00 वीरा |
| 13:30 म से महै | |

# UPI ऑटो-पे पर कंट्रोल, नहीं कटेंगे धोखे से पैसे

## NPCI ने दी राहत, नए साल से नियम लागू

■ NBT रिपोर्ट : यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) पर ऑटोपे सुविधा को ट्रैक करना अब पहले से आसान हो गया है। नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने लगातार आने वाले चार्जेज पर नजर रखने के लिए सख्ती की है। TOI के मुताबिक, इसका मकसद बिलिंग के उन तरीकों को रोकना है जो ग्राहकों को साफ तौर पर समझ नहीं आते। इससे ग्राहकों को अपने सब्सक्रिप्शन पर बेहतर कंट्रोल मिल सकेगा।




AI Image

upihelp.npci.org.in पर सभी UPI ऑटोपे की जानकारी एक जगह मिलेगी।

NPCI ने upihelp.npci.org.in नाम से एक नया सेंट्रल पोर्टल शुरू किया है। इसकी मदद से यूजर्स अपनी सभी 'UPI ऑटोपे' सेटिंग्स को एक ही जगह देख और मैनेज कर सकेंगे। यह कदम खासकर उन ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म्स की चालाकी (डार्क पैटर्न्स) को रोकने के लिए उठाया गया है, जो यूजर्स को धोखे से ऐसे ऑटोपेमेंट में फंसा देते हैं जहां हर महीने पैसे तो कटते हैं, लेकिन उन्हें बंद करना या ट्रैक करना बहुत मुश्किल होता है। यह पहल NPCI के 7 अक्टूबर 2025 को जारी किए गए एक सर्कुलर के बाद शुरू की गई है। UPI नेटवर्क से जुड़ी सभी कंपनियों को 31 दिसंबर 2025 तक इन बदलावों को लागू करना होगा। तब तक पुराने नियम पहले की तरह ही काम करते रहेंगे।

नए नियमों के मुताबिक, ग्राहक किसी भी UPI ऐप के मैनेज बैंक अकाउंट या ऑटोपे सेक्शन में जाकर अपने सभी एक्टिव ऑटोपेमेंट देख पाएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि अब ऑटोपे को 'पोर्ट' भी किया जा सकेगा। यानी आप अपने ऑटोपे को एक UPI ऐप से दूसरे ऐप पर शिफ्ट कर सकते हैं। साथ ही, कारोबारी भी अपने पेमेंट प्रोवाइडर को बदल सकते हैं। या अपनी UPI ID अपडेट कर सकते हैं। इससे पुराने पेमेंट नियमों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

NPCI ने इस सुविधा के साथ सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा है। ऑटोपे से जुड़ा कोई भी बदलाव करने के लिए UPI PIN डालना जरूरी होगा। एक ऑटोपे को 90 दिनों में सिर्फ एक ही बार पोर्ट किया जा सकेगा। ऐप्स ग्राहकों को कैशबैक या लालच देकर बार-बार ऐप स्विच करने के लिए मजबूर नहीं कर पाएंगे।

प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए, ऑटोपे के डेटा का इस्तेमाल सिर्फ उसे दिखाने के लिए ही किया जाएगा, किसी और काम के लिए नहीं। NPCI ने 'UPI Help' नाम का एक नया प्लैटफॉर्म भी शुरू किया है, जो बातचीत के जरिए ग्राहकों की मदद करेगा।


# नए साल में बढ़ेगी आर्थिक सुधारों की रफ्तार?

## GST 2.0, I-T ऐक्ट और लेबर कोड जैसे बड़े रिफॉर्म्स का साल रहा 2025

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस साल एक के बाद एक कई ऐसे कदम उठाए, जिनके दूरगामी असर दिखेंगे। बजट में इनकम टैक्स में राहत की घोषणा के बाद GST 2.0 के रूप में एक बड़ा टैक्स सुधार किया गया, वहीं लेबर कोड के जरिए विशाल वर्कफोर्स को संगठित क्षेत्र में लाने की राह बनाई गई। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर फोकस के साथ औद्योगिक क्षेत्र की राह भी आसान की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि तेज ग्रोथ बनाए रखने के लिए नए साल में कुछ और आर्थिक सुधारों की जरूरत है।

अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित रहे साल में केंद्र ने आम बजट में 12 लाख रुपये सालाना आमदनी पर इनकम टैक्स छूट के साथ कंजम्पशन बूस्ट का बड़ा कदम उठाया। इसके बाद 15 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी ने GST 2.0 रिफॉर्म्स का ऐलान किया और सितंबर में GST की घटी दरें लागू की गईं। केवल 5% और 18% के रेट्स रखने का असर 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की दिवाली सेल्स के रूप में दिखा। इन सुधारों ने GST रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय भी घटा।



AI Image


### टैक्स पर नई राह

इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह नए और सरल आयकर कानून 2025 की राह भी बनाई गई, जो अगले साल 1 अप्रैल से लागू होगा। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कस्टम्स से जुड़े नियमों को सरल बनाने का एजेंडा भी सामने रख दिया है, जिस पर अगले साल कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

### मैन्युफैक्चरिंग आसान

केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगाने के लिए पर्यावरण से जुड़े नियमों में भी ढील दी और 33% ग्रीन कवर के नियम के बजाय इंडस्ट्री से हो सकने वाले प्रदूषण पर आधारित व्यवस्था बनाई। इंडस्ट्री से जुड़े एक्सपर्ट का कहना है कि इससे प्रोजेक्ट कॉस्ट 20% घट सकती है।

### निवेशकों की सुरक्षा पर ज़ोर




स्टॉक मार्केट्स के मोर्चे पर केंद्र ने सिक्योरिटीज मार्केट कोड बिल संसद में पेश कर दिया, जिसे और चर्चा के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया है। इस बिल में नियमों के पालन का बोझ घटाने और शेयर बाजार में टेक्नॉलजी का उपयोग बढ़ाते हुए निवेशकों की सुरक्षा पर जोर है।

### सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट


वहीं, 29 श्रम कानूनों की जगह लेने वाले 4 लेबर कोड से डिलीवरी बॉय से लेकर कैब ड्राइवर तक को PF, ESIC और इंश्योरेंस सहित दूसरे सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट की व्यवस्था की गई है। नैशनल लेवल पर मिनिमम वेजेज तय किए जाने से कम आमदनी वाले करीब 18 करोड़ कामगारों को फायदा हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, 'इन सुधारों से मैनपावर और प्रोडक्शन शटडाउन से जुड़े खर्च घटने से करीब 5000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।'



AI Image

# डायरेक्ट टैक्स मामले में और सुधारों की ज़रूरत: इंडस्ट्री

PHDCCI ने MSME सहित इंडस्ट्री के लिए ज्यादा कदम उठाने पर जोर देते हुए डायरेक्ट टैक्स के मामले में और सुधारों की जरूरत जताई है। उसका कहना है कि डिविडेंड इनकम पर टैक्सेशन में बदलाव करते हुए डिविडेंड पाने वाले पर जो असल रेट लागू होता हो, उसी के मुताबिक टैक्स लगे और यह 20% से ज्यादा न हो। उसने रिसर्च एंड डिवेलपमेंट में निवेश बढ़ाने के लिए टैक्स छूट पर जोर दिया। उसका कहना है कि प्लांट और मशीनरी में होने वाले इनवेस्टमेंट के 15% के बराबर इनवेस्टमेंट अलाउंस दिया जाना चाहिए। CII ने टैक्स चोरी पकड़ने के लिए एडवांस्ड एनालिटिक्स टूल्स के उपयोग पर जोर दिया। सरकार को गैर-रणनीतिक क्षेत्रों के सरकारी उद्यमों के निजीकरण के लिए अगले 3 साल का कार्यक्रम सामने रखना चाहिए और पूरी तरह निजीकरण की राह पर बढ़ना चाहिए। साथ ही, केंद्र से राज्यों को भेजी जाने वाली रकम का बेहतर उपयोग पक्का करने के लिए एक फिस्कल परफॉर्मेंस इंडेक्स बनाया जाना चाहिए।



AI Image

# 'हर्बल टी के नाम पर गुमराह न करें कंपनियां'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने खाने-पीने का बिजनेस करने वाली कंपनियों को सख्त चेतावनी दी है। रेगुलेटर ने कहा है कि जड़ी-बूटियों से बने घोल (हर्बल इन्फ्यूजन) और पौधों पर आधारित ड्रिंक्स को चाय (Tea) न कहें, अगर वे असली चाय के पौधे कैमेलिया सिनेंसिस (Camellia sinensis) से नहीं बने हैं। कानून के मुताबिक, ऐसा करना ग्राहकों को गुमराह करना और गलत जानकारी माना जाएगा। बुधवार को जारी किए गए इस निर्देश में रेगुलेटर ने बताया कि कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स को 'रूइबोस टी', 'हर्बल टी' और 'फ्लावर टी' जैसे नामों से बेच रही हैं। जबकि हकीकत यह है कि इनमें से कोई भी असली चाय के पौधे से नहीं तैयार किया जाता। नियामक ने ई-कॉमर्स, सामान बनाने वाली कंपनियों, पैकिंग करने वालों, मार्केटिंग करने वालों और इसे बेचने या बाहर से मंगाने वाले सभी कारोबारियों को नियमों का पालन करने का आदेश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि किसी भी ऐसे प्रोडक्ट के लिए सीधे या घुमा-फिराकर 'चाय' शब्द का इस्तेमाल न करें, जो असली चाय के पौधे से न बना हो। साथ ही, राज्य के अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों बाजारों में इन नियमों को सख्ती से लागू करवाएं।

FSSAI की दो टूक: हर ड्रिंक चाय नहीं होती



AI Image

# नवंबर में थमी क्रेडिट कार्ड से खर्च की रफ्तार

■ NBT रिपोर्ट : त्योहारी सीजन बीतने के साथ ही क्रेडिट कार्ड से होने वाले खर्च में कमी आई है। नवंबर के महीने में क्रेडिट कार्ड खर्च करीब 11% गिरकर वापस पुराने स्तर पर आ गया है। रिजर्व बैंक (RBI) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड से 2.14 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए थे। वहीं, नवंबर में यह आंकड़ा घटकर 1.90 लाख करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, पिछले साल के नवंबर से तुलना करें तो इस बार खर्च में करीब 12% की बढ़ोतरी देखी गई है। ET के मुताबिक, भले ही खर्च में कमी आई हो लेकिन बैंकों ने नए कार्ड देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नवंबर में करीब 8 लाख 47 हजार नए क्रेडिट कार्ड जारी किए गए, जिससे अब बाजार में कुल कार्ड्स की संख्या बढ़कर 11.48 करोड़ हो गई है।



# भारत में AI से जॉब को खतरा कम, मिलेंगे नए मौके : केंद्र

## साइंस-टेक वालों के लिए वरदान बनेगा AI : IT सचिव

■ पीटीआई, नई दिल्ली : पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की वजह से दफ्तर वाली नौकरियों (वाइट-कॉलर जॉब्स) पर संकट कम है। इसकी वजह ये है कि भारत में कुल कामकाजी आबादी के मुकाबले वाइट-कॉलर लोगों की संख्या काफी कम है। साथ ही, भारत में साइंस और टेक्नॉलजी (STEM) से जुड़ी नौकरियों का बोलबाला है, जो नए अवसर पैदा कर सकता है। आईटी सचिव एस. कृष्णन ने ये बातें कहीं।

**क्या है भारत की ताकत? :** कृष्णन ने बताया कि AI का असली असर तब दिखेगा जब अलग-अलग सेक्टरों के लिए खास ऐप्स और प्रोग्राम बनाए और इस्तेमाल किए जाएंगे। इस काम के लिए बड़ी संख्या में ट्रेंड लोगों की जरूरत होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और यहीं से AI के जरिए नौकरियों के नए मौके निकलेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत इस क्षेत्र में दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है।



**भारत की तैयारी? :** कृष्णन के मुताबिक, भारत न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए AI का फायदा उठाने की अच्छी स्थिति में है। इससे देश में नौकरियां और समृद्धि दोनों बढ़ेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत का अपना स्वदेशी एप्लीकेशन मॉडल तैयार किया जा रहा है, जो फरवरी में होने वाले 'AI समिट' से पहले बनकर तैयार हो सकता है।

**क्या है चुनौती? :** एक इंटरव्यू में कृष्णन ने कहा कि AI पहली ऐसी तकनीक है जिससे 'नॉलेज वर्कर्स' और दिमागी मेहनत करने वालों के लिए खतरा पैदा हुआ है। इससे पहले जो भी औद्योगिक क्रांतियां हुईं, उनमें मशीनों ने हाथ से किए जाने वाले काम (मैन्युअल लेबर) की जगह ली थी।

**इंसानी जरूरत कितनी? :** उन्होंने कहा कि AI की गलत या मनगढ़ंत जानकारी देने की समस्याओं की वजह से अभी लंबे समय तक इंसानों की निगरानी और काम को चेक करने की जरूरत बनी रहेगी। उनके मुताबिक, इस पूरी प्रक्रिया में इंसानी दखल हमेशा जरूरी रहेगा। कृष्णन ने बताया कि AI सिस्टम को चलाने के लिए बड़े कंप्यूटर और मॉडल बनाने में बहुत कम लेकिन बेहद हुनरमंद लोगों की टीम चाहिए होती है। इसमें पैसा तो बहुत लगता है, लेकिन इससे बहुत ज्यादा नौकरियां पैदा नहीं होतीं। असली नौकरियां तो तब बढ़ेंगी जब अलग-अलग क्षेत्रों के लिए AI ऐप्स बनाए जाएंगे।

# IAS कोचिंग सेंटर पर 11 लाख रुपये जुर्माना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : UPSC सिविल सर्विसेज परीक्षा के परिणामों के बारे में 'गुमराह करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने' के लिए विजन IAS (अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड) पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत काम करने वाली सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (CCPA) ने 2022 और 2023 के परीक्षा परिणामों के मामले में उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 के तहत यह एक्शन लिया।

गुमराह करने वाले विज्ञापन देने का आरोप, CCPA का ऐक्शन

कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे की अध्यक्षता वाली CCPA ने जांच में पाया कि विजन IAS ने 'CSE 2023 में टॉप 100 सेलेक्शंस में से 79 और टॉप 10 में से 7' और 'CSE 2022 में टॉप 50 में 39' अभ्यर्थी अपने यहां के होने के दावे किए थे और विज्ञापनों में इनके नाम, फोटो और रैंक प्रमुखता से प्रकाशित किए थे। CCPA ने जांच में पाया कि इंस्टिट्यूट ने 2022 और 2023 की परीक्षाओं में 119 से अधिक सफल अभ्यर्थियों का दावा किया था, लेकिन केवल 3 कैंडिडेट्स ने उसके फाउंडेशन कोर्स में दाखिला लिया था और बाकी 116 ने प्री और मेंस एग्जाम्स के लिए टेस्ट सीरीज, अभ्यास टेस्ट और मॉक इंटरव्यू प्रोग्राम्स चुने थे। CCPA ने कहा कि 'जानबूझकर जानकारी छिपाने' से अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों में यह गलत राय गई कि विजन IAS सिविल सेवा परीक्षा के सभी चरणों में इन अभ्यर्थियों की सफलता के लिए जिम्मेदार है।



AI Image


MARUTI SUZUKI

NEXA

ROAD TAX? WE HAVE TAKEN CARE OF IT!

GRAND VITARA STRONG HYBRID WITH OFFERS OF UP TO ₹ 2.13 LAKH*.




GRAND VITARA
STRONG HYBRID



R17 MACHINED ALLOY WHEELS
AUTO PURIFY WITH PM2.5 DISPLAY
8-WAY DRIVER POWERED SEAT
EV MODE
6 AIRBAGS AS STANDARD

5 YEAR WARRANTY~
3 YEARS + 2 YEARS COMPLIMENTARY

NEXA SAFETY SHIELD


SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]

For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Creative visualisation. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. Features and accessories shown may not be part of the standard fitment. *Offers applicable on Delta+, Zeta+ & Alpha+ variants. **Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. Above offers are valid for limited period only. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. ~This extended warranty is applicable for Delta+, Zeta, Zeta+, Alpha and Alpha+ variants except CNG variants of Grand Vitara. Offer amount is equivalent to the applicable Road Tax.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 12-25-2025 22:00 Color:



## NBT AI टाइम मशीन
### आज ही हुई थी रेडियम की खोज


आज ही के दिन 1898 में खोजकर्ता मैरी क्यूरी और उनके पति पियरे क्यूरी ने दुनिया को रेडियम की खोज की जानकारी दी थी। उन्होंने पाया कि पिचब्लेंड नाम के खनिज में एक ऐसा तत्व मौजूद है जो यूरेनियम से भी लाखों गुना अधिक रेडियोएक्टिव है। इसका नाम लैटिन शब्द 'रेडियस' पर रखा गया, जिसका मतलब किरण होता है। इस खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# NBT



### कैंसर का इलाज होगा और भी सटीक


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रेडियम का सबसे आधुनिक रूप रेडियम-223 कैंसर के इलाज को और सटीक बनाएगा। इससे बनी दवाएं शरीर के स्वस्थ हिस्सों को नुकसान पहुंचाए बिना सीधे ट्यूमर पर हमला करेंगी। स्पेस विज्ञान में, रेडियम की मदद से ऐसी परमाणु घड़ियां बनाई जाएंगी जो समय को आज से कहीं अधिक सटीक बना देंगी। इससे लंबी अंतरिक्ष यात्राएं भी आसान होंगी। अपनी लंबी उम्र के कारण, यह भविष्य की कई वैज्ञानिक खोजों का आधार बना रहेगा।



AI Image


## SPEED News

### थाइलैंड-कंबोडिया सीमा पर थाई सेना



File

द्वारा भगवान विष्णु की मूर्ति तोड़े जाने पर भारत ने चिंता जताई थी। अब थाइलैंड ने कहा कि मूर्ति को तोड़ने का उद्देश्य धर्म नहीं।




### उत्तर कोरिया ने 8700 टन की पहली न्यूक्लियर

पावर्ड सबमरीन की तस्वीरें जारी कीं। नेता किम जोंग उन ने प्लांट का दौरा करते हुए इसे रक्षा नीति में महत्वपूर्ण बताया।

### भारतीय ट्रैवल ब्लॉगर अनंत मित्तल



को अरुणाचल प्रदेश को 'भारत' कहने पर चीन में 15 घंटे हिरासत में रखा गया। पूछताछ के दौरान पासपोर्ट और डिवाइस जांचे गए।



File

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने क्रिसमस

पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मौत की कामना की है। उन्होंने कहा कि रूस ने यूक्रेन को बहुत दुख-दर्द दिए हैं।

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।**

# ढाका में तारिक की वापसी, रोड शो से लोकतंत्र, शांति, एकता का संदेश

## पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक 17 साल बाद देश लौटे, BNP को मिला चेहरा

■ आईएएनएस, ढाका

Photos: AP/AFP



ढाका एयरपोर्ट पर नंगे पांव उतरे तारिक ने 13 किमी. लंबा रोड शो किया।

17 साल के लंबे निर्वासन के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह वापसी ऐसे वक्त में हुई है, जब बांग्लादेश हिंसा, राजनीतिक संक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार काम कर रही है और फरवरी में आम चुनाव प्रस्तावित है। इस पृष्ठभूमि में तारिक रहमान की घर वापसी सिर्फ एक व्यक्ति की वापसी नहीं, बल्कि सत्ता संतुलन बदलने वाला घटनाक्रम मानी जा रही है।

> रहमान की वापसी ने राजनीति में हलचल मचा दी

तारिक रहमान ने ढाका पहुंचने के बाद तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया से मुलाकात की। अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को फोन करके धन्यवाद भी किया। बाद में एक रैली को भी संबोधित किया। तारिक रहमान ने कहा कि हम हर मुमकिन तरीके से शांति चाहते हैं। अगर हम एकजुट रहें तो हम लोगों की उम्मीदों को पूरा कर सकते हैं। तारिक रहमान ने कहा कि जैसे देश के लोगों ने 1971 में आजादी हासिल की, वैसे ही एक बार फिर बांग्लादेश की आजादी और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर तरह के लोग एकजुट होंगे। उन्होंने कहा कि आज, बांग्लादेश के लोग अपनी बात कहने का अधिकार वापस पाना चाहते हैं। वे लोकतंत्र का अपना अधिकार वापस पाना चाहते हैं। अब समय आ गया है कि सभी मिलकर देश बनाएं। उन्होंने कहा कि इस देश में पहाड़ी और मैदानी इलाकों के लोग हैं, मुस्लिम, हिंदू, बौद्ध और ईसाई। हम एक सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहते हैं।



NBT EXPLAINER

### कौन हैं तारिक रहमान?

तारिक रहमान (58) बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी BNP के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वह दो बार देश की पीएम रहीं खालिदा जिया के बेटे हैं। पार्टी और समर्थकों में उन्हें खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत का उत्तराधिकारी माना जाता है। तारिक को बांग्लादेश की राजनीति का 'क्राउन प्रिंस' कहा जा रहा है।

**Q तारिक 17 साल तक देश से बाहर क्यों रहे?**
2008 में तारिक रहमान इलाज के लिए लंदन गए थे। उस समय उनके खिलाफ कई आपराधिक और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले चल रहे थे। राजनीतिक दबाव भी बढ़ा हुआ था। इसी वजह से वह लंबे समय तक ब्रिटेन में रहे।

**Q अब उनकी वापसी कैसे संभव हो पाई?**
एक साल में उच्च अदालतों ने तारिक रहमान को बड़े मामलों में बरी कर दिया, जिनमें 2004 का ग्रेनेड हमला और जिया ऑर्फनेज ट्रस्ट मामला शामिल है। इसके बाद उनकी राजनीतिक वापसी के कानूनी रास्ते साफ हुए।

**Q राजनीतिक हालात क्या है?**
2024 में हुए हिंसक जन आंदोलन के बाद शेख हसीना देश से बाहर चली गईं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। हालांकि, कानून-व्यवस्था पर सवाल भी उठ रहे हैं।

**Q तारिक की वापसी क्यों अहम मानी जा रही है?**
तारिक ऐसे समय लौटे हैं, जब BNP को पहली बार लगभग दो दशकों में बिना अवामी लीग के चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है। उनकी वापसी से पार्टी को जमीनी नेतृत्व मिला है और विदेश से संचालित राजनीति का दौर खत्म हुआ है। इससे BNP की चुनावी रणनीति और संगठन दोनों मजबूत हुए हैं।

**Q क्या तारिक चुनाव लड़ेंगे?**
तारिक रहमान पहले ही कह चुके हैं कि वह आगामी आम चुनाव लड़ेंगे। BNP नेताओं के मुताबिक, वह मतदाता के रूप में रजिस्ट्रेशन की औपचारिकताएं भी पूरी करेंगे, जिससे वह सीधे चुनावी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

**Q प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं?**
राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, BNP अगर बहुमत हासिल करती है तो तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे किया जा सकता है। उनकी मां खालिदा जिया गंभीर रूप से बीमार हैं, इसलिए पार्टी के पास तारिक रहमान सबसे मजबूत चेहरा माने जा रहे हैं।

**Q BNP के सामने क्या-क्या चुनौतियां हैं?**
BNP को सिर्फ सत्ता विरोधी लहर पर निर्भर नहीं रहना होगा। छात्र आंदोलन से निकली नई पार्टियां, बदले हुए राजनीतिक समीकरण और मानवाधिकार व अल्पसंख्यक सुरक्षा जैसे मुद्दे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके अलावा, अंतरिम सरकार के साथ पार्टी के रिश्ते भी पूरी तरह सहज नहीं माने जाते।

# अस्पताल में 8 घंटे इंतज़ार, कनाडा में भारतीय की मौत

## कहा- पापा, मैं दर्द सहन नहीं कर पा रहा

■ NBT रिपोर्ट: भारतीय मूल के प्रशांत श्रीकुमार (44) का कनाडा के अस्पताल की इमरजेंसी सेवा में 8 घंटे तक इंतजार करने के बाद हार्ट अटैक से निधन हो गया। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, सीने में तेज दर्द महसूस होने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उनका रजिस्ट्रेशन किया गया और उन्हें इंतजार करने के लिए कहा गया।

> 8 घंटे के इंतजार के बाद प्रशांत की हार्ट अटैक से हुई मौत

प्रशांत के पिता कुमार श्रीकुमार के अनुसार, "मेरे बेटे ने मुझसे कहा, 'पापा, मैं इस दर्द को सहन नहीं कर सकता।' प्रशांत ने अपने दर्द की गंभीर स्थिति के बारे में अस्पताल कर्मचारियों को बताया। हालांकि, उनके अनुसार, ECG जांच के बाद कहा गया कि कोई गंभीर समस्या नहीं है और उन्हें इंतजार करना होगा। आठ घंटे से अधिक इंतजार के बाद जब प्रशांत को इलाज के लिए बुलाया गया। सीने पर हाथ रखकर गिर पड़े और मौत हो गई।



प्रशांत श्रीकुमार

### मामले की समीक्षा CMEO के पास

ग्रे नन्स अस्पताल मैनेजमेंट ने कहा कि इस मामले को चीफ मेडिकल एग्जामिनेशन ऑफिसर (CMEO) को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम मरीज और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे लिए मरीजों की सुरक्षा और देखभाल सबसे महत्वपूर्ण है।

# भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स को जल्द मिलेंगे पानी वाले ड्रोन

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स को जल्द ही वॉटर बेस्ड ड्रोन यानी पानी वाले ड्रोन मिल सकते हैं। स्पेशल फोर्स ने इसकी प्रक्रिया शुरू की है और जल्द ही इसकी खरीद की मंजूरी मिल सकती है। ये खरीद इमरजेंसी खरीद के तहत की जाएगी। इसके अलावा स्पेशल फोर्स अपनी अंडर वॉटर कैपेबिलिटी (क्षमता) को भी अपग्रेड कर रही है और इमरजेंसी खरीद के तहत कई डाइविंग उपकरण लेने की भी योजना है।

> प्रक्रिया शुरू हुई, जल्द मिल सकती है खरीद की मंजूरी

ये ड्रोन फोर्स की ताकत कई गुना बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन ने रूस के खिलाफ ब्लैक सी में अपने वॉटर बेस्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिसे सी बेबी (Sea Baby) के नाम से जाना जाता है। यूक्रेन का सी बेबी वॉटर बेस्ड ड्रोन है जिसमें विस्फोटक होता है। ये हाई स्पीड यूएवी है। इसे रिमोटली कंट्रोल किया जा सकता है और ये टारगेट के पास पहुंचकर स्यूसाइड बॉमर की तरह फट जाता है।



AI Image

### 'सिंदूर' के हथियार और खरीदे जाएंगे

भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स अब उन हथियार और उपकरणों की और खरीद कर रही है जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। स्पेशल फोर्स के पास मौजूद लॉइटरिंग एम्युनिशन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। अब स्पेशल फोर्स ज्यादा रेंज के लॉइटरिंग एम्युनिशन इमरजेंसी खरीद के तहत लेने की तैयारी कर रही है।

### फोर्स को ज्यादा रेंज के ड्रोन भी मिलेंगे

स्पेशल फोर्स को ज्यादा रेंज के ड्रोन भी मिलेंगे। भारतीय सेना के पास पहले से ही स्पाइक मिसाइल थी लेकिन अब स्पेशल फोर्स के पास भी ये मिसाइल होगी। स्पाइक एक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है, जो फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है। इसके कई वर्जन हैं, छोटे रेंज से लेकर ज्यादा रेंज तक। स्पेशल फोर्स अब ज्यादा रेंज के वेपन पर फोकस कर रही है।

# कैब बुकिंग में नया सेफ्टी फीचर, महिलाएं फीमेल ड्राइवर चुन सकेंगी

■ NBT रिपोर्ट

**यात्रियों की** सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कैब एग्रीगेटर्स के लिए नया निर्देश जारी किया है। ET की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने यह अनिवार्य किया है कि कैब बुक करते समय यात्री, उपलब्धता के आधार पर, अपने ही जेंडर के ड्राइवर को चुन सकें। नए नियम के तहत ऐप में ऐसा फीचर शामिल करना होगा, जिससे यात्री समान जेंडर के ड्राइवर का विकल्प चुन सकें। इसमें महिला यात्रियों के लिए महिला ड्राइवर चुनने का विकल्प भी शामिल है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा 'जहां उपलब्ध हो' के आधार पर दी जाएगी। हालांकि, इस पर अभी तक प्रमुख कैब कंपनियों जैसे उबर, ओला और रैपिडो की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

> उबर, ओला और रैपिडो पर लागू होंगे नए नियम



AI Image

### देर रात बढ़ सकता है वेटिंग टाइम

इंडस्ट्री से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल एग्रीगेटर प्लैटफॉर्म्स पर महिला ड्राइवरों की संख्या कुल ड्राइवरों का 5% से भी कम है। ऐसे में समान जेंडर ड्राइवर का विकल्प देने से खासकर देर रात के समय वेटिंग टाइम काफी बढ़ सकता है, जब इस सुविधा की मांग सबसे ज्यादा होती है और ड्राइवरों की उपलब्धता पहले से ही सीमित रहती है। अधिकारी ने कहा कि यह कदम कैब सेवाओं की 'ऑन-डिमांड' प्रकृति के विपरीत जा सकता है। यात्रियों को सफर पूरा होने के बाद ड्राइवर को स्वैच्छिक टिप देने की अनुमति दी है। हालांकि, यह सुविधा यात्रा शुरू होने से पहले, बुकिंग के समय या यात्रा के दौरान उपलब्ध नहीं होगी।

# जवानों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल की इजाज़त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारतीय सेना** की सोशल मीडिया पॉलिसी के तहत सैनिक इंस्टाग्राम का इस्तेमाल सिर्फ देखने और निगरानी के लिए कर सकते हैं। इंस्टाग्राम पर कोई कमेंट या राय शेयर नहीं की जा सकती है। स्काइप, वट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे ऐप्स पर सामान्य और गैर-गोपनीय जानकारी साझा करने की इजाजत है। जानकारी सिर्फ जान पहचान के लोगों के साथ ही शेयर की जा सकती है। यूट्यूब, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स सिर्फ जानकारी हासिल करने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। खुद का कंटेंट, मेसेज या पोस्ट करने की इजाजत नहीं है। लिंक्डइन का इस्तेमाल सिर्फ रिज्यूमे अपलोड करने और संभावित कर्मचारी के बारे में जानकारी लेने के लिए किया जा सकता है।

> ...लेकिन कोई कमेंट या राय शेयर नहीं कर सकते



AI Image

### सोशल मीडिया पर सेना की नई नीति

इस बदलाव का मूल कारण यह है कि सूचना युग बदल रहा है और सेना इस जगत से खुद को अलग नहीं रख सकती। पिछले महीने आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि हमने अपने सैनिकों से कहा है कि एक्स का इस्तेमाल बस देखने के लिए करें, अभी जवाब देने के लिए इस्तेमाल ना करें।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. तारिक रहमान किस राजनीतिक दल के कार्यकारी अध्यक्ष हैं?
A) अवामी लीग B) बीएनपी C) जमात-ए-इस्लामी
2. ओडिशा में मुठभेड़ में मारे गए नक्सली गणेश पर कितने रुपये का इनाम घोषित था?
A) 50 लाख रुपये B) 75 लाख रुपये C) 1.10 करोड़ रुपये
3. महिला ड्राइवरों की कुल संख्या एग्रीगेटर प्लैटफॉर्म्स पर कितनी है?
A) 5% से भी कम B) 10% C) 20%
4. सेना की स्पेशल फोर्स को कौन सा नया उपकरण मिलने वाला है?
A) वॉटर बेस्ड ड्रोन B) एयर स्ट्राइक ड्रोन C) आर्मी रोबोट
5. किस फंड के तहत अटके हुए हाउसिंग प्रोजेक्ट को पूरा करने और घर खरीदारों को राहत दी जाएगी?
A) PMAY-Urban B) SWAMIH-2 C) HUDCO फंड

**कल के जवाब**
A1 B. 5908 Kg A2 A. रसेल ब्रांड A3 A. 2 A4 C. पाकिस्तान A5 A. एयर इंडिया

**लकी विनर्स**



1. अर्चना सक्सेना, लखनऊ
2. मनोज सक्सेना, गाजियाबाद
3. संतोष कौर, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।





# 2025 रील्स, ट्रोल्स और वायरल ट्रेंड्स का साल

*2025 सिर्फ खबरों का नहीं, मीम्स और इंटरनेट कल्चर का साल भी रहा। कभी 'क्रोइसां' बना 'प्रशांत', कभी '6-7' दिमाग पर छा गया। महाकुंभ से लेकर चुनावी रण तक, हर पल मीम में बदला। सोशल मीडिया ने हंसी, तंज और ट्रेंड्स का ऐसा तूफान चलाया कि पूरा साल एक वायरल रील बनकर रह गया।*





**'Prashant' (The Croissant Mistake)**
यह साल का सबसे बड़ा 'Accidental' मीम था। एक फूड व्लॉगर ने 'Croissant' (फ्रेंच पेस्ट्री) को गलती से 'Prashant' बोल दिया। बस फिर क्या था, पूरे देश में पेस्ट्री की दुकानों के बाहर लोगों ने 'भाई, एक प्रशांत देना' कहना शुरू कर दिया।



**'Maha Kumbh ki Mona Lisa'**
जनवरी 2025 के महाकुंभ से एक महिला (मोनालिसा भोसले) की तस्वीर वायरल हुई, जो रुद्राक्ष बेच रही थी। लोगों ने उन्हें 'महाकुंभ की मोनालिसा' का टैग दिया और एडिटिंग विडियो बनाए।



**'Aura Farming'**
2025 में 'Aura' शब्द का क्रेज चरम पर था। जब कोई बिना मेहनत किए कूल दिखता था, तो उसे '+100,000 Aura' पॉइंट्स दिए जाते थे। इंडोनेशिया के एक छोटे बच्चे के नाव पर डांस करने वाले विडियो ने भारत में 'Aura Farming' का जबरदस्त मीम ट्रेंड शुरू किया।



**'6-7' (The Brainrot Slang)**
अगर आप 2025 में सोशल मीडिया पर थे, तो आपने '6-7' (Six-Seven) शब्द जरूर सुना होगा। Dictionary.com ने इसे 'Word of the Year' भी घोषित किया।







**'Vishal Mega Mart: The UPSC of Retail'**
भारत के जॉब मार्केट पर तंज कसते हुए एक मीम वायरल हुआ जिसमें कहा गया कि 'विशाल मेगा मार्ट' में गार्ड की नौकरी पाना UPSC या IIT-JEE से भी ज्यादा मुश्किल है। AI तस्वीरें बनाई जिनमें हरियाणा लाइन में खड़ी दिखी।



**'First Day as a Spy in Pakistan'**
फिल्म 'धुरंधर' के रिलीज होने के बाद यह ट्रेंड चला। इसमें भारतीय लोग खुद को पाकिस्तान में 'जासूस' (Spy) दिखाते थे, लेकिन अपनी भारतीय आदतों की वजह से पकड़े जाते थे–जैसे कि:
रास्ते में गिरे हुए कागज या किताब को छूकर माथे से लगाना।
दुकानदार को गलती से 'भैया' बोल देना। हर जगह 'भैया, स्कैनर देना' (UPI के लिए) पूछना।



**'Husky Dance' (Ichu Ichu Trend)**
एक नन्हे हस्की कुत्ते का भारतीय गानों (खासकर 'इचु इचु') पर एनिमेटेड डांस वीडियो 2025 का सबसे बड़ा 'Serotonin Boost' बना। हर दूसरे रील में वही हस्की कुत्ता झूमता हुआ नजर आता था।





**दिल्ली चुनाव मीम्स: 'और लड़ो आपस में'**
दिल्ली चुनाव के दौरान बीजेपी की जीत और गठबंधन की हार पर महाभारत का सीन 'और लड़ो आपस में' वायरल हुआ। वोटर्स को 'मुन्ना भैया' (मिर्जापुर) के रूप में दिखाया गया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFL2 User: cci Time: 12-25-2025 22:12 Color:



# एक साल के पीजी में केवल DU स्टूडेंट्स को मिलेगी सीट

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली यूनिवर्सिटी अगले सेशन 2026-27 से एक साल का पोस्टग्रैजुएट कोर्स शुरू करने जा रहा है। एक साल के पीजी कोर्स में सिर्फ उन स्टूडेंट्स को दाखिला मिलेगा, जिन्होंने DU से ही चार साल का अंडरग्रैजुएट कोर्स पूरा किया है। साथ ही, इसके लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट - पोस्टग्रैजुएट (CUET-PG) भी नहीं देना होगा। एक साल के PG में UG के 8 सेमेस्टर के ऐवरेज पर मेरिट बनेगी।

DU में पीजी के 83 कोर्स हैं, इस साल 13500 सीटों पर दाखिले हुए हैं। नैशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP) के तहत डीयू में 2022 में चार साल का यूजी कोर्स शुरू हुआ था। इस साल इस पहले बैच के स्टूडेंट्स अपने फोर्थ ईयर में हैं। इन स्टूडेंट्स के पास एक साल का पीजी करने का ऑप्शन है, मगर सभी को नहीं। DU की डीन एडमिशन प्रो हनीत गांधी ने बताया, एक साल का पीजी कोर्स वही स्टूडेंट कर सकता है, जिसने DU से चार का यूजी कोर्स पूरा किया हो। मगर यह भी शर्त है कि चार साल का पीजी मेजर (सब्जेक्ट) या ऑनर्स होना चाहिए।



File Photo

**एक साल का पीजी:** यूजी मेरिट से एक साल के पीजी कोर्स में वही स्टूडेंट्स दाखिला ले पाएंगे, जिन्होंने डीयू से चार साल का यूजी कोर्स किया है, मेजर या ऑनर्स के साथ। एक साल के पीजी की सीटों पर दाखिला स्टूडेंट्स की यूजी के आठ सेमेस्टर के ऐवरेज स्कोर की मेरिट पर होगा।
**दो साल का पीजी:** CUET स्कोर पर डीयू के हर दो साल के PG कोर्स में दाखिले के लिए सीयूईटी पीजी के स्कोर पर दाखिला होगा। CUET PG के लिए NTA ने प्रक्रिया शुरू कर दी है और स्टूडेंट्स 14 जनवरी 2026 तक फॉर्म भर सकते हैं। यह फॉर्म भरने वाले और एंट्रेंस देने वाले ही PG कोर्सों के लिए बाद में अप्लाई कर सकेंगे।
**4 साल के यूजी:** माइनर ऑप्शन वाले स्टूडेंट्स को CUET PG देना जरूरी होगा।

## ऑनलाइन प्रोग्राम में दाखिले का मौका

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में जनवरी 2026 सेशन के लिए ऑनलाइन कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे पहले यूनिवर्सिटी ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में 300 से ज्यादा कोर्सों के लिए एडमिशन विंडो खोली थी। अब ओडीएल और ऑनलाइन दोनों मोड के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

## NEP 2020 के तहत मिले थे विकल्प

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

NEP 2020 ने देशभर की यूनिवर्सिटीज में चार साल के अंडरग्रैजुएट कोर्स लाने की सिफारिश दी और 2022 में डीयू ने इसे लागू किया। आइडिया था स्टूडेंट्स को ज्यादा से ज्यादा पढ़ने के ऑप्शन देना, पढ़ाई को इंटरडिसिप्लिनरी अप्रोच देना। चार साल के यूजी में हर साल कोर्स छोड़ने का मौका भी दिया गया। पहले साल सर्टिफिकेट के साथ, दूसरे साल डिप्लोमा के साथ, तीसरे साल ऑनर्स के साथ। चार साल के यूजी में ऑनर्स विद रिसर्च/मेजर/माइनर का ऑप्शन दिया गया। डीयू में 60% से ज्यादा स्टूडेंट्स ने फोर्थ ईयर में दाखिला भी लिया। ऑनर्स या मेजर के साथ स्टूडेंट्स यूजी स्तर पर ही सब्जेक्ट की गहराई या रिसर्च की ओर जाएंगे, ऐसे में इनके लिए NEP ने एक साल के पीजी का ऑप्शन दिया।

## 10वीं मंजिल से कूद कारोबारी ने दी जान

■ **NBT रिपोर्ट, सुभाष प्लेस:** नेताजी सुभाष प्लेस स्थित प्लाजा की दसवीं मंजिल से कूदकर एक कारोबारी ने जान दे दी। मृतक की पहचान 43 वर्षीय अभिषेक बंसल के रूप में हुई है, जो गुरुग्राम के DLF क्रेस्ट सोसाइटी में रहते थे। उन्हें BSA अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह अपने भाई के साथ कपड़े का कारोबार करते थे। अभी आत्महत्या के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। नेताजी सुभाष प्लेस थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में थे**

पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि अभिषेक पिछले कुछ दिनों से मानसिक तौर पर परेशान चल रहे थे। नेताजी सुभाष प्लेस स्थित एक इमारत में दसवीं मंजिल पर उनका ऑफिस है। दोपहर में उन्होंने कथित तौर पर ऑफिस से नीचे कूदकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और शव पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बंसल के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। पुलिस को फिलहाल मौके से किसी तरह का स्यूसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस उनके ऑफिस में उनकी डायरी और अन्य कागजातों की जांच कर रही है। इसके अलावा पुलिस ने उनका मोबाइल फोन जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। पुलिस परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ कर खुदकुशी के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन



गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से शुरू होकर हरि नगर में संपन्न हुआ यह भव्य नगर कीर्तन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**साहिब**-ए-कमाल गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व को समर्पित एक विशाल नगर कीर्तन का आयोजन गुरुवार सुबह किया गया। यह नगर कीर्तन दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के नेतृत्व में निकाला गया। नगर कीर्तन अरदास के बाद पांच प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से शुरू हुआ और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा एल-ब्लॉक, आनंद विहार, हरी नगर में संपन्न हुआ।

पांच प्यारों की अगुवाई में निकले इस नगर कीर्तन में सुंदर पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब सुशोभित थे। नगर कीर्तन में गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों के स्टूडेंट्स, दल पंथ के विभिन्न प्रतिनिधियों, निहंग सिंह जत्थेबंदियों सहित कीर्तन करने वाले जत्थे और टीमें शामिल रहीं। गुरुद्वारा कमिटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दसवें पातशाह ने 1699 की बैसाखी को खालसा की सामना कर दुनिया को एक मार्शल कौम दी। उन्होंने कहा कि खालसा अकाल पुरुष की फौज है, जो न केवल अपनी कौम के लिए बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए काम करती है और गुरु द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमेशा सर्वत्र भले की अरदास करती है।

## धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप, AAP के नेताओं पर FIR

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**



AI Image

**कनॉट प्लेस** थाने में आम आदमी पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं पर ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में FIR दर्ज की गई है। यह FIR पूर्व विधायक सौरभ भारद्वाज, बुराड़ी से विधायक संजीव झा और आप के विधायक प्रत्याशी आदिल अहमद खान के खिलाफ दर्ज की गई है। उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 299 (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत करने के उद्देश्य से किया गया कृत्य), धारा 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्दों का प्रयोग) और धारा 3(5) (सामूहिक दायित्व) के तहत 25 दिसंबर को मामला दर्ज किया है।

**सौरभ भारद्वाज, संजीव झा और आदिल अहमद खान पर दर्ज हुआ मामला**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह शिकायत अधिवक्ता खुशबू जॉर्ज द्वारा दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तीनों नेताओं ने 17 और 18 दिसंबर को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर वीडियो अपलोड किए, जिनमें कनॉट प्लेस पर सार्वजनिक रूप से किए गए एक राजनीतिक स्किट को दिखाया गया है। शिकायत के मुताबिक, इन वीडियोज में सांता क्लॉज की वेशभूषा में लोगों को सड़क पर बेहोश होकर गिरते हुए दिखाया गया है और उन्हें राजनीतिक संदेश देने के लिए प्रतीक (प्रॉप) के रूप में इस्तेमाल किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि सांता क्लॉज, जिन्हें दुनिया भर के ईसाइयों के लिए एक पूजनीय धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता है।

### ...तब भावनाएं क्यों आहत नहीं हुईं: सौरभ

**नई दिल्ली:** AAP के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रदूषण को लेकर सांता क्लॉज की स्किट ने BJP की सरकार को एक्सपोज किया, तो BJP ने हमारे खिलाफ केस करा दिया। उन्होंने दावा किया कि शिकायत देने वाले भी BJP के ही कार्यकर्ता हैं। धार्मिक भावनाएं भड़काने की FIR तो उस दिन होनी चाहिए थी जब लाजपत नगर में सांता क्लॉज की टोपियां खींची गईं। विधायक संजीव झा ने कहा कि सांता तो प्रोत्साहन और संदेश देने वाले प्रतीक हैं। यह मामला धार्मिक भावनाओं का नहीं, बल्कि BJP की राजनीतिक भावनाओं का है। पार्टी नेता आदिल खान ने कहा कि BJP चाहे जितनी FIR करवा ले, AAP जनता के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी।

## शादी के लिए कराई थी FD, ठगों ने उड़ाए 80 हजार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शादी के लिए बैंक में एफडी कराने वाली एक युवती साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर ओटीपी हासिल किया और उसके खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि त्रिलोकपुरी निवासी शमीम बानो ने अपनी शादी के लिए एक लाख रुपये की एफडी कराई थी। एफडी के साथ उन्हें एक क्रेडिट कार्ड भी मिला था, जिसकी लिमिट 40 हजार रुपये थी। उन्होंने एक बार कार्ड से 30 हजार रुपये खर्च किए थे, लेकिन समय पर भुगतान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने कार्ड का इस्तेमाल बंद कर दिया। कुछ समय बाद बैंक ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर एक हजार रुपये काट लिए। इस पर शमीम बानो कार्ड बंद कराने बैंक पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनका कार्ड खो चुका है।



AI Image

## सब्सिडी आधी होने के बावजूद पूरे देश में बिकीं 11.3 लाख इलेक्ट्रिक गाड़ियां

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत में इलेक्ट्रिक वीकल पॉलिसी अब नए दौर में पहुंच गई है। पहले के मुकाबले सब्सिडी आधी होने के बावजूद देशभर में 11.3 लाख इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री हुई है। प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना ने अपने पहले साल में फेम-2 योजना की तुलना में हर गाड़ी पर सब्सिडी आधी होने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में EV बिक्री में मदद की है। यह जानकारी काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (CEEW) के ग्रीन फाइनेंस सेंटर की ओर से जारी रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम ई-ड्राइव में मिलने वाली सब्सिडी के तहत EV की बिक्री फेम-2 की तुलना में सालाना 3.4 गुना रही है। यह साफ संकेत है कि EV सेक्टर लोगों की पसंद बन चुका है और ऑटो सेक्टर में बड़ा बदलाव आ रहा है।



- पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत दी जाती है इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर सब्सिडी
- EV की बिक्री साल 2024-25 में कुल 19.6 लाख यूनिट तक पहुंच गई है

### कुल बिक्री में EV अब 7.5%

रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2014-15 में देश में करीब 2,000 इलेक्ट्रिक गाड़ियां बिकती थीं। यह संख्या 2019-20 के बाद तेजी से बढ़ी और 2024-25 में कुल 19.6 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। कुल गाड़ियों की बिक्री में EV का हिस्सा अब 7.49% हो गया है।

### 11.5 लाख EV टूवीलर बिके

CEEW-ग्रीन फाइनेंस सेंटर के मुताबिक, शुरुआती दौर में ई-रिक्शा की हिस्सेदारी ज्यादा थी लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। 2024-25 तक कुल 11.5 लाख+ EV टू-व्हीलर गाड़ियां बिक चुकी हैं।

### पीएम ई-ड्राइव है बड़ा बदलाव

कमर्शल इलेक्ट्रिक 4 पहिया गाड़ियों की बिक्री में भी 2024-25 तक साफ बढ़ोतरी देखी गई है। EV बसों की संख्या अभी कम है लेकिन इसमें भी धीरे-धीरे बढ़त हो रही है। CEEW के फेलो और डायरेक्टर कार्तिक गणेशन ने कहा कि फेम-2 से पीएम ई-ड्राइव की तरफ जाना भारत की EV नीति में बड़ा बदलाव है। कम प्रोत्साहन के बावजूद 11.3 लाख EV की बिक्री बताती है कि बाजार के कई हिस्से अब अपने दम पर आगे बढ़ने लगे हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि दिल्ली, गोवा और कर्नाटक जैसे ज्यादा आय वाले राज्यों में EV तेजी से अपनाया जा रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Faridabad Edition: 2 Page: NBTFRFP User: cci Time: 12-25-2025 22:43 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025 > पौष 5, शक 1947, पौष शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 79, संख्या 307 > पेज 16* > फरीदाबाद > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू



‘आलिया से ज्यादा फीस लेती हैं श्रद्धा’
▸ फरीदाबाद टाइम्स

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



भारत Vs श्रीलंका
तीसरा T20 आज
7:00 pm से, तिरुवनंतपुरम
प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
▸p8






## हरियाणा में अस्थायी कर्मचारियों के लिए पोर्टल लॉन्च

हरियाणा में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (HKRN) के माध्यम से काम करने वाले कर्मचारियों को अब जॉब सिक्योरिटी मिलेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को मानव संसाधन विभाग का सिक्योरिटी ऑफ सर्विस पोर्टल लॉन्च किया। निगम में पांच साल की नौकरी पूरी कर चुके कर्मचारी अब इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन करेंगे। सरकार की इस योजना से करीब एक लाख 20 हजार अनुबंध कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। ▸▸ पेज 2

### मौसम

अधिकतम तापमान 22.6°

6.5° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त गुरुवार 5:32 | सूर्योदय शनिवार 7:12

अगले 7 दिन कोहरा अधिक परेशान नहीं करेगा। ठिठुरन बढ़ेगी।

*12 + 4 FaridabadTimes

# ओडिशा में ₹1.10 करोड़ के इनामी समेत 6 नक्सली ढेर

## शाह ने कहा- राज्य नक्सल-मुक्त होने के कगार पर

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को गुरुवार सुबह ओडिशा से बड़ी सफलता हाथ लगी। नक्सलियों के टॉप-10 कमांडरों में शामिल गणेश उइके (69) कंधमाल में पांच अन्य साथियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। करीब 30 वर्षों से नक्सली हिंसा में शामिल गणेश के ऊपर 1.10 करोड़ रुपये का इनाम था। इससे पहले 21 मई को छत्तीसगढ़ में टॉप नक्सली कमांडर बसवराजू उर्फ नंबाला केशव राव और 18 नवंबर को माडवी हिडमा को ढेर किया गया था। अब रेडार पर नक्सलियों के टॉप कमांडर देवजी उर्फ थिप्परी तिरुपति, अनल दा उर्फ तूफान और मल्लाराजी रेड्डी उर्फ सतन्ना बचे हैं।

छत्तीसगढ़ पुलिस में बस्तर रेंज के IG सुंदरराज. पी ने एनबीटी को बताया कि गणेश उइके के खिलाफ अकेले छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों में ही 16 आपराधिक केस थे। इनमें सबसे गंभीर 2014 में सुकमा में पुलिस टीम पर किया गया हमला शामिल है, जिसमें 15 पुलिस जवान मारे गए थे।




69 साल का गणेश उइके कंधमाल में मारा गया, मूलरूप से तेलंगाना के नलगोंडा जिले का था।

16 केस थे, इनमें 2014 में सुकमा में पुलिस टीम पर हमला भी शामिल, जिसमें 15 जवान शहीद हुए थे।

गणेश रूपा, राजेश तिवारी उर्फ पक्का, हनुमंतु उर्फ सोमारू जैसे उपनामों से जाना जाता था।

### गृह मंत्री ने दोहराया- 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करेंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके और पांच अन्य नक्सलियों के मारे जाने को अगले साल 31 मार्च तक नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में मील का महत्वपूर्ण पत्थर बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच X पर लिखा कि कंधमाल के अभियान के साथ ही ओडिशा नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त होने के कगार पर है। ▸▸ पेज 7

# ‘उम्मीद है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाएगी’

IANS



Merry Christmas... दुनियाभर में क्रिसमस की धूम के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह दिल्ली के गिरिजाघर 'कथीड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन' पहुंचे और वहां विशेष प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कैरल (गीत) और भजन भी सुने और कुछ को गाया भी। ▸▸ पेज 3

■ प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- आशा है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लेकर आएगी।

■ बीते कुछ वर्षों में मोदी नियमित रूप से ईसाई समुदाय के कार्यक्रमों में हिस्सा लेते रहे हैं, 2023 में वह 'सेक्रेड हार्ट कथीड्रल' में पहुंचे थे।

■ साल 2023 में क्रिसमस पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली स्थित अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर विशेष कार्यक्रम की मेजबानी भी की थी।

■ 2024 में 'कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया' के कार्यक्रम में पहुंचे थे। इसी साल वह कैबिनेट मंत्री जॉर्ज कुरियन के डिनर में भी गए।




# 87 शहरों में लगेंगी वाजपेयी की प्रतिमाएं: मुख्यमंत्री सैनी

■ राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में सीएम का ऐलान।

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुशासन दिवस के अवसर पर घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के सभी 87 शहरी स्थानीय निकायों में कम-से-कम एक सार्वजनिक स्थल का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया जाएगा। उनमें अटल प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को पंचकूला में राज्यस्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना को लागू करने का उद्देश्य अटल बिहारी वाजपेयी के लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता और पारदर्शी शासन के आदर्श समाज का मार्गदर्शन करना है।

# महेंद्रगढ़ जिले में ट्रक और कार की भिड़ंत, तीन दोस्त ज़िंदा जले

## हादसा नैशनल हाइवे 152-D पर हुआ, टक्कर के बाद कार में आग लग गई

■ NBT न्यूज, भिवानी

■ मदद के लिए चीखते रहे, भीषण आग की वजह से कोई भी कार के नजदीक नहीं जा पाया।
■ मरने वालों में वकील, कपड़ा व्यापारी और उनका साथी शामिल।

महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल में बुधवार की रात नैशनल हाइवे 152 पर अनियंत्रित ट्रक और कार के बीच हुई भिड़ंत में तीन लोग जिंदा जल गए। टक्कर से कार में आग लग गई। आग लगने के कारण कार सवार तीनों दोस्त बाहर नहीं निकल पाए। मृतकों में वकील, कपड़ा व्यवसायी और उनका एक साथी शामिल है।

घटना बुधवार की रात करीब 3 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती जांच के मुताबिक कार में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घायल अवस्था में फंसे तीनों युवक मदद के लिए चीखते रहे, लेकिन आग इतनी तेज थी कि कोई पास नहीं जा सका। ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों द्वारा पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था। पुलिस ने जले हुए वाहन से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतकों की शिनाख्त की। मारे गए तीनों युवक नारनौल के पास स्थित गांव नीरपुर के निवासी थे। राजकुमार यदुवंशी पेशे से वकील थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। रविंदर उर्फ दारा सिंह शहर के एक जाने-माने कपड़ा व्यापारी थे। प्रवीण उर्फ पौमी पेशे से टैक्सी चालक थे और अविवाहित थे। तीनों अच्छे दोस्त थे।

जांच अधिकारी अमरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाकर हत्या करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की कई टीमें फरार ड्राइवर की तलाश में दबिश दे रही हैं।

NBT

पुलिस ने जले हुए वाहन से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतकों की शिनाख्त की।

# खाटू श्याम जाने के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेन

■ NBT न्यूज, जींद: रेलवे ने खाटू श्याम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। इस ट्रेन के चलने से नरवाना और जींद के श्रद्धालुओं को लाभ होगा। ट्रेन नंबर 09711 कुरुक्षेत्र-फुलेरा स्पेशल रेल 29 दिसंबर से लेकर एक जनवरी तक कुरुक्षेत्र से रात साढ़े 11 बजे चलेगी। जो अगले दिन सुबह साढ़े आठ बजे फुलेरा पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 0912 फुलेरा-कुरुक्षेत्र स्पेशल ट्रेन 30 दिसंबर से लेकर दो जनवरी तक फुलेरा से सुबह साढ़े नौ बजे रवाना होकर रात आठ बजे कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। इस ट्रेन के रास्ते में कैथल, नरवाना, जींद, रोहतक, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी कुंड, अटेली, नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कावंट, श्रीमाधोपुर, रींगस और रेनवाल स्टेशन आएंगे। ट्रेन नंबर 09711 कुरुक्षेत्र से रात साढ़े 11 बजे चलकर कैथल होते हुए रात 12 बजकर 52 मिनट पर नरवाना पहुंचेगी। यहां दो मिनट ठहराव के बाद ट्रेन एक बजकर 23 मिनट पर जींद जंक्शन पर पहुंचेगी।

# भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी के लिए 'पीछा करो' अभियान

AI Image


■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

**एक सप्ताह तक प्रदेश में चलेगी विशेष मुहिम**

भ्रष्टाचार के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 'पीछा करो' अभियान की शुरुआत के लिए निर्देश जारी किए हैं। यह विशेष अभियान 7 दिनों तक चलेगी। इस अभियान के तहत लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा प्रमुख अजय सिंघल द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि अनेक मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक लंबित है। जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए सभी एसीबी रेंज के पुलिस अधीक्षकों को विशेष टीमें गठित कर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुसार, जिन मामलों में आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य और तथ्य उपलब्ध हैं। उनमें तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, लंबित मामलों के जल्द निपटारे के लिए सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार मुख्यालय द्वारा इस अभियान की कड़ी निगरानी की जाएगी। सभी संबंधित इकाइयों को इस संबंध में की गई कार्रवाई की नियमित रिपोर्ट मुख्यालय को भेजनी होगी। सिंघल ने कहा कि यह विशेष अभियान राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और मजबूत कदम है, जिससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि कानून से बचने वाले आरोपियों के लिए अब कोई स्थान नहीं है।

# क्रिसमस डे मनाने पर हंगामा, लोगों ने किया विरोध

NBT

लोगों को शांत कराते एसएचओ।

■ NBT न्यूज, फतेहाबाद: जिला के भूना शहर में गुरुवार को क्रिसमस डे पर कार्यक्रम करने को लेकर हंगामा हो गया। क्रिश्चियन लोग क्रिसमस डे मना रहे थे। तभी कुछ लोग मौके पर पहुंचकर विरोध करने लगे। विरोध करने वालों को बजरंग दल का सदस्य बताया जा रहा है। इस घटना के बाद काफी हंगामा हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर एसएचओ ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे। हंगामे के चलते कार्यक्रम बंद करवा दिया गया। जानकारी के अनुसार, भूना के वार्ड नंबर पांच स्थित बड़ा मोहल्ला में मास्टर विमनलाल के घर पर क्रिसमस डे कार्यक्रम था।

# अवैध पिस्तौल के साथ युवक अरेस्ट

■ NBT न्यूज, सिरसा: सिरसा जिले में गुरुवार को सीआईए स्टाफ कालांवाली ने अवैध पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गदराना निवासी लखविंदर सिंह उर्फ लक्की के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही 9 गंभीर मामले दर्ज हैं। तलाशी के दौरान युवक की पैंट से अवैध 12 बोर पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस मिला।

# एक लाख अस्थायी कर्मचारियों को मिलेगी जॉब सिक्योरिटी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

■ 31 जनवरी तक पोर्टल पर अपलोड होंगे दस्तावेज।
■ अधिकारी रेकॉर्ड की करेंगे वेरिफिकेशन।

प्रदेश में एचकेआरएन के माध्यम से काम करने वाले कर्मचारियों को अब नौकरी की सुरक्षा मिलेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को मानव संसाधन विभाग का सिक्योरिटी ऑफ सर्विस पोर्टल लांच किया। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में पांच साल की नौकरी पूरी कर चुके कर्मचारी अब इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। सरकार की इस योजना से करीब एक लाख 20 हजार अनुबंध कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा सरकार के विभागों, बोर्डों, निगमों में कार्यरत 1.20 लाख अस्थायी कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने की घोषणा की थी।

सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में 15 अगस्त 2024 को यह अध्यादेश अधिसूचित कर दिया, लेकिन एक-दो विभागों को छोड़कर अफसरों ने इस अध्यादेश को लागू ही नहीं किया। 17 अक्टूबर 2024 को नायब सैनी ने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जिसके बाद सरकार ने विधानसभा में विधेयक लाई और अध्यादेश को विधेयक के रूप में पारित करा दिया। राज्यपाल की मंजूरी के बाद स्थायी कानून अधिसूचित कर दिया, लेकिन हरियाणा सरकार के अफसरों ने इसे फिर लागू नहीं किया। अब सर्विस सिक्योरिटी ऐक्ट के तहत नियम नोटिफाई कर दिए गए हैं। इस योजना को लागू करने के लिए मानव संसाधन विभाग ने एक पोर्टल बनाया। इसके बाद करीब 2 सप्ताह पहले इस पोर्टल का ट्रायल शुरू किया गया।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

ॐ
The Soul Is Eternal
In Loving Memory



Surinder Soi
1937 - 2024

Loved and Remembered by:
**Children:-**
Radhika and Ajay Bahl, Mohan and Sabina Soi, Ruchika Soi.
**Grandchildren:-**
Bhavna, Aditya, Raghav, Kanchan,
Madhav, Louise, Manik, Ashrut, Evelyn, Rishi.
**Great-Grandchildren:-**
Armaan, Roshni, Nayantara, Nyrah.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".


The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727


# जींद में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने निकाली त्रिशूल शौर्य यात्रा

NBT

शौर्य यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लहराए हथियार, पुलिस रही चौकस।

■ NBT न्यूज, जींद: हरियाणा के जींद शहर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भव्य त्रिशूल दीक्षा और शौर्य यात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ों युवा कार्यकर्ता त्रिशूल, तलवार और अन्य पारंपरिक हथियार लहराते नजर आए, जिससे शहर के मुख्य बाजारों में दहशत का माहौल बन गया। यात्रा शहर के जयंती देवी मंदिर से शुरू होकर पंजाबी बाजार, तांगा चौक, मेन बाजार होते हुए गुजरी।

स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने बताया कि सरेआम हथियार लहराने से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। कई दुकानदारों ने जुलूस देखकर अपनी दुकान बंद कर दी। बाजार में खरीदारी के लिए आए महिलाएं और बच्चे डर से दुकानों में बैठे रहे। वीएचपी के स्थानीय नेताओं ने कहा कि यह यात्रा हिंदू शौर्य और आत्मरक्षा का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि त्रिशूल भगवान शिव का प्रतीक है, जो अज्ञानता और बुराई का नाश करता है। यह दीक्षा कार्यक्रम हिंदू युवाओं को जागृत करने के लिए आयोजित किया गया है। विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने इसे कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बताया। पुलिस की चौकसी से कोई बड़ा हंगामा नहीं हुआ।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारी पूज्य माताजी
स्वर्गीय श्रीमती शैला गुप्ता
(धर्मपत्नी - श्री हरि ओम गुप्ता, कानपुर)
का दिनांक 25 दिसंबर 2025 को स्वर्गवास हो गया
दिनांक: 26 दिसंबर 2025,
समय: अपराह्न 3:00 बजे से 4:00 बजे तक
संपर्क : 9582571299, 9582572884

TO BOOK AN OBITUARY AD
PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES


LATE SMT. KAILASH WATI JAIN
(W/O LATE LALA ARAH DAS JAIN)
(1907 - 26.12.1986)
Your memories & love showered on us will always remind your presence in our heart. May your soul rest in peace.Pushpa Jain (Daughter-in-law), Prabodh Jain, Subodh Jain, Dinesh Jain, Nirmal Jain, Arun Jain, Arvind Jain, (Grandsons), Tushar, Rohit, Anuj, Ankur, Prakhar, Varun (Great grandsons)


'Life is one eternal struggle between the forces of good and evil.'
Thus Spake Zarathustra

PRAYER MEETING




IN LOVING REMEMBRANCE OF
SMT. SANYOKTA BAJAJ
6 June 1942 – 23 December 2025
FRIDAY, 26TH DECEMBER 2025
VENUE: CHINMAYA MISSION, LODHI ROAD
Time: 11:00 AM – 12:30 PM
Followed by Prasad
With regards and folded hands
SHRI. K.K. BAJAJ
Rajiv and Anu Bajaj | Sanjiv and Vani Bajaj
Nitin and Poonam Bajaj Puri
Jai, Shivam, Aryaman and Pranvy Bajaj
Kalra, Khanduja, Bedi, Arora, Khanna, Puri Family
Bajaj Capital Family

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 12-25-2025 22:14 Color:



# क्रिसमस पर चर्च पहुंचे PM मोदी, प्रेयर में हुए शामिल




### कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन मे पहुंचकर सामान्य लोगों की तरह प्रार्थना मे शामिल हुए


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्रिसमस पर** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन पहुंचे। यहां वह करीब आधे घंटे तक रुके। उन्होंने वहां आए सभी लोगों के साथ प्रार्थना में हिस्सा लिया। उनके लिए चर्च में कोई वीआईपी इंतजाम नहीं किए गए थे। उन्होंने भी चर्च में सामान्य प्रेयर की।

गुरुद्वारा रकाब गंज के पास स्थित यह चर्च दिल्ली के सबसे पुराने और बड़े चर्च में शामिल है। यहां प्रार्थना सभा में प्रेयर, कैरोल और बिशप पॉल स्वरूप की तरफ से पीएम के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। पीएम ने वहां लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। चर्च के बिशप पॉल स्वरूप ने बताया कि पीएम के लिए चर्च में कोई विशेष इंतजाम नहीं थे। वह सामान्य लोगों के साथ ही बैठे। इसके बाद उन्होंने कैरल्स भी गाईं। जिस समय पीएम मौजूद थे उस समय दो कैरल्स हिंदी में गाए गए। इन्हें पीएम ने भी गाया।

**पीएम के आने से लोगों में दिखी खुशी** : पीएम के जाने के बाद हिंदी कैरल टीम में शामिल सारा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरी प्रार्थना में हिस्सा लिया। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि वह हमारे साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन में शामिल हुए। एक अन्य सिंगर आकांक्षा ने कहा कि हमारी क्रिसमस और भी खुशनुमा हो गई क्योंकि प्रधानमंत्री यहां आए और हमने उनके सामने गीत गाए।





**पीएम संग क्रिसमस:** चर्च में बिशप पॉल स्वरूप की तरफ से पीएम के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था।





**पीएम ने फोटो भी किया शेयर** बाद में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर चर्च की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि दिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना में शामिल हुआ। इस प्रार्थना में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका है। उम्मीद है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाएगी।

### अलग-अलग चर्च में भी रही सुबह से भीड़




वहीं, राजधानी के तमाम गिरजाघरों में क्रिसमस पर मास प्रेयर की गई। सुबह भी गिरजाघरों में प्रार्थना की गई। लोगों की भीड़ सुबह से ही चर्चों में दिखने लगी थी। शाम पांच बजे तक चर्चों के बाहर लाइनें लगी थीं। लोग अंदर जाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। हर धर्म के लोग यहां प्रेयर के लिए पहुंच रहे थे। रोमन कैथोलिक आर्कडायोसिस चर्च, गोल मार्केट स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च, मंदिर मार्ग के सेंट थॉमस चर्च, संसद मार्ग के फ्री चर्च, दिल्ली कैंट के सेंट मार्टिन चर्च, वसंत कुंज के सेंट मैरी चर्च में भी लोगों की काफी भीड़ रही।

एक दशक बाद क्रिसमस के मौके पर दिल्ली का AQI इतना कम रहा, 234 एक्यूआई हुआ दर्ज

## दिल्ली-NCR को क्रिसमस गिफ्ट

# 10 साल बाद मिली इतनी 'साफ' हवा




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एक दशक** बाद राजधानी के लोगों ने इतनी साफ हवा में क्रिसमस का जश्न मनाया है। बीते बुधवार से चल रही तेज हवाओं की वजह से गुरुवार को दिल्ली की हवा में काफी सुधार दिखा और यहां का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) बेहद गंभीर कैटिगरी से खराब कैटिगरी में आ गया। सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के बुलेटिन के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली का ओवरऑल एक्यूआई 234 दर्ज किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार आज भी प्रदूषण का स्तर खराब कैटिगरी में ही रह सकता है। इसके बाद शनिवार से यह 300 के ऊपर पहुंच सकता है।

**आज भी प्रदूषण का स्तर 300 से नीचे रह सकता है**

सीपीसीबी के अनुसार, गुरुवार को एनसीआर के शहरों की भी स्थिति पहले से बेहतर रही। फरीदाबाद का एक्यूआई 215, गाजियाबाद का 280, ग्रेटर नोएडा का 268, गुरुग्राम का 239 और नोएडा का एक्यूआई 256 रहा। दिल्ली में महज दो जगहों पर एक्यूआई 300 से ऊपर रहा। इनमें बवाना का 308 और आनंद विहार का 320 एक्यूआई रहा। सबसे साफ हवा लोदी रोड की रही। यहां का एक्यूआई महज 120 रहा। क्रिसमस पर राजधानी का एक्यूआई एक दशक में सबसे कम रहा। एक्यूआई सिस्टम 2015 में बना था। 2015 में क्रिसमस के दिन दिल्ली का एक्यूआई 166 था। इसके बाद 2024 तक यह लगातार 300 से 450 की रेंज में ही रहा। 2021 में क्रिसमस वाले दिन सबसे प्रदूषित हवा का रिकॉर्ड बना था, उस वक्त एक्यूआई 431 दर्ज किया गया था। इस बार ठंडी और बर्फीली हवाओं की वजह से एक्यूआई महज 234 रहा।

### सुबह-शाम सर्दी बढ़ेगी, दोपहर में धूप देगी राहत



गुरुवार सुबह ठंडी हवाएं चलती रहीं, बाद में मिली राहत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुबह-शाम अब ठंड महसूस होगी। तापमान 5 से 6 डिग्री तक रहेगा। दोपहर के समय धूप खिलेगी। इसकी वजह से ठंड का प्रभाव बहुत अधिक नहीं रहेगा। अगले छह से सात दिनों तक कोहरा भी बहुत अधिक परेशान नहीं करेगा। गुरुवार सुबह ठंडी हवाएं चलती रहीं। अधिकतम तापमान बुधवार की तुलना में 3.7 डिग्री तक कम रहा। बड़ी गिरावट की वजह से सुबह में ठिठुरन भरी सर्दी महसूस हुई। न्यूनतम तापमान महज 6.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री कम था। अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.9 डिग्री तक कम रहा। 27 से 30 दिसंबर तक आसमान साफ रहेगा।

### दिल्ली रूट की 12 से ज्यादा ट्रेनें लेट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** उत्तर भारत में घने कोहरे का असर रेल यात्रा पर गंभीर रूप से देखने को मिल रहा है। 24 और 25 दिसंबर 2025 को दिल्ली आने-जाने वाली एक दर्जन से अधिक मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें 2 घंटे से लेकर 11 घंटे से अधिक देरी से चलीं। इसके अलावा, दिल्ली से रोहतक जाने वाली एक ट्रेन को कैंसल कर दिया गया।

नॉर्दन रेलवे की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 22486 कुरुक्षेत्र से नई दिल्ली, 12440 उज्जैन से नई दिल्ली, 14258 बनारस/वाराणसी से नई दिल्ली, 02368 गया से नई दिल्ली, 12201 बीएसबी (वाराणसी) से नई दिल्ली, 12301 हावड़ा से नई दिल्ली, 12311 सियालदह से नई दिल्ली, 15201 मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली समेत 12 गाड़ियां घंटों की देरी से चलीं, जिसकी वजह से कई गाड़ियों को दिल्ली के आउटर पर ही रोकना पड़ा। साथ ही, लेट होने की वजह से कुछ गाड़ियों की रवानगी भी प्रभावित रही।

## महिला ने दो बच्चों सहित आत्महत्या की दी धमकी

■ **NBT न्यूज, रेवाड़ी :** फाइनेंस ब्रोकर को जान देने के लिए मजबूर करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उसकी पत्नी दर-दर की ठोकरें खा रही है। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है। महिला के लगातार थानों व पुलिस अधिकारियों के चक्कर काटने के 5 माह बाद एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन इसके तीन माह बीतने के बाद भी आरोपी आराम से घूम रहे हैं। महिला ने न्याय न मिलने पर अपने दो बच्चों के साथ आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

**फाइनेंस ब्रोकर स्यूसाइड केस में आरोपियों पर कार्रवाई न होने का लगाया है आरोप**

यह मामला 11 करोड़ रुपये के लेन-देन से जुड़ा हुआ है। नगर के बाल सराय का विपिन गोयल फाइनेंस ब्रोकर के रूप में लोगों को ब्याज पर रुपये उधार दिलाते थे। विपिन ने मॉडल टाउन के एक फर्म संचालक व उसके परिवार के चार सदस्यों को बाजार के साहूकारों से 11 करोड़ रुपये ब्याज पर दिलवाए थे। जिसके सबूत भी विपिन के पास थे। उनकी पत्नी रश्मि गोयल का कहना है कि पैसे वापस मांगने पर उन लोगों ने लौटाने से मना कर दिया। मानसिक तनाव से गुजर रहे उनके पति ने 23 मई को आत्महत्या कर ली।

With profound grief and sorrow,
we announce the passing away of our beloved

**Vikramaditya Mohan Thapar**

26.10.1947 – 25.12.2025




In loving memory

Jyoti · Ayesha · Nitasha · Varun
(lt)Neena · Adarsh · Nikesh · Mukul · Sonia · Ashray
Kiaan · Eka · Kiara · Aran

## ढाई लाख में खरीदे सोने के 400 सिक्के, नकली निकले

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी



**गुड़गांव की** एक कंपनी का कर्मचारी सस्ते सोने के सिक्के खरीदने के बाद उसे सुनार को बेचने के प्रयास में फंस गया। सुनार ने अन्य दुकानदारों के साथ मिलकर उसे पकड़ कर लिया और पुलिस को सूचना दी। उसके पास से 400 सिक्के बरामद हुए। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि वह खुद ठगी का शिकार हो चुका है। पुलिस मुख्य आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार, सर्राफा बाजार में एक युवक सोने का सिक्का लेकर सुनार के पास बेचने पहुंचा था। चेक करने के बाद सुनार ने बताया कि सिक्का असली है। इसके बाद उसने बताया कि उसके पास ऐसे बहुत सारे सिक्के हैं, जो घर की खुदाई के समय निकले हैं। सुनार ने उससे सिक्के खरीदने की बात कही। इसके बाद युवक सुनार के पास लगभग 400 सिक्के लेकर पहुंच गया। चेक करने पर सिक्के नकली पाए गए। सुनार ने उसे ठग समझते हुए आसपास के दुकानदारों को एकत्रित कर लिया। इसके बाद उसे सिटी पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, तो यह बात सामने आई कि युवक खुद ठगी का शिकार हो चुका है। मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में वह नकली सोने के सिक्के खरीद बैठा। सिक्के बेचने के प्रयास में वह खुद उलझ गया। बताया जा रहा है कि कंपनी कर्मचारी ने लोन लेकर 2 लाख 50 हजार रुपये से सिक्के खरीदे थे। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह गुरुग्राम की एक कंपनी में कार्यरत है। उसे फोन पर एक युवक ने सोने के सिक्के देने की बात कही थी। पहले उसने एक सिक्का दिया, जो जांच के दौरान असली पाया गया। वह लालच में आ गया और 400 सिक्के खरीद लिए। थाना प्रभारी सीमा ने बताया कि सुनार के पास सिक्के बेचने पहुंचे कंपनी कर्मचारी को हिरासत में लिया गया है, वह खुद ठगी का शिकार हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस उस अपराधी का पता लगाने के प्रयास कर रही है, जिससे उसने यह सिक्के खरीदे हैं।

**सुनार को बेचने पहुंचा तो खुला मामला, पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ**




**मुस्कान थकान में दे आराम!**
मुस्कुराने से आपकी सहनशक्ति बढ़ती है। वर्कआउट या दौड़ते समय मुस्कुराने से थकान कम महसूस होती है और स्टैमिना बढ़ता है।

## विचार


महान कार्य करने का एकमात्र तरीका यह है कि आप जो करते हैं उससे प्यार करें। जब जुनून मेहनत से मिलता है, तब साधारण प्रयास भी असाधारण सफलता में बदल जाते हैं।

– स्टीव जॉब्स (Steve Jobs)

## ज़रा हंस लें

डॉक्टर ने मरीज को अच्छी सेहत के लिए रोजाना 10 किलोमीटर चलने को कहा...
1 साल बाद मरीज का फोन आया, "हैलो डॉ. साहब अफगानिस्तान चला गया हूं... अब यहीं पर रुक जाऊं या आगे रूस चला जाऊं"

## कविता




### उम्मीद की धूप

जब थक जाएं कदम
और रास्ते चुप हो जाएं,
तब अपने भीतर झांकना
वहीं उजाले मिल जाएं।
हर रात के बाद सवेरा
ये नियम पुराना है,
टूटे सपनों से ही अक्सर
नया आसमान बनाना है।
हार नहीं, ये ठहराव है
खुद को समझने का मौका,
जो गिरकर फिर उठता है
वही लिखता है अपना धोखा।
मुस्कान रख हथेली पर
डर को दूर भगा देना,
खुद पर विश्वास रख कर
किस्मत को भी झुका देना।
तू कमजोर नहीं है
बस याद दिलाना था,
तेरे भीतर जो आग है
उसे फिर से जलाना था।

– संदीप कुमार, NBT रीडर

**पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।**

## दुनिया की बड़ी कंपनियों में भारतीय मूल के CFO

# 'तिजोरियां' भारतीयों के भरोसे

Asmita Dey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** Unilever, Levi's और टेस्ला जैसी बड़ी कंपनियों में एक चीज सामान्य है – इनके चीफ फाइनैंशल अफसर (CFO) भारतीय मूल के हैं। स्टैंटन चेज की एक स्टडी में सामने आया कि ऐपल, क्वालकॉम, एचएसबीसी और मास्टरकार्ड सहित एक दर्जन से ज्यादा बड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में भारतीय CFO काम कर रहे हैं।

2013 से 2025 के बीच 20 CFO नियुक्तियों का विश्लेषण किया गया। इनमें से सात CFO संगठन के अंदर से प्रमोशन पाकर इस पद तक पहुंचे। यह दिखाता है कि भारतीय प्रोफेशनल्स को लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की सख्त शिक्षा प्रणाली और जटिल बाजार का अनुभव भारतीय CFO को ग्लोबल भूमिका के लिए सक्षम बनाता है।

अब CFO की जिम्मेदारी सिर्फ रिपोर्टिंग या संपत्ति सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि रणनीतिक फैसले लेना भी शामिल है। एचएसबीसी की CFO पाम कौर पंजाब यूनिवर्सिटी की छात्रा रही हैं। टेस्ला के वैभव तनेजा और नेईई एयरोस्पेस के राहुल घई ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की, जबकि मास्टरकार्ड के सचिन मेहरा ने मुंबई यूनिवर्सिटी से बीकॉम किया है।



**वैभव तनेजा**
TESLA
भारतीय मूल के वैभव तनेजा 2023 से टेस्ला के सीएफओ (CFO) हैं और एलन मस्क की टीम के बेहद अहम सदस्य माने जाते हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है।



**हरमीत सिंह**
LEVI STRAUSS & CO.
हरमीत सिंह दुनिया की मशहूर जींस निर्माता कंपनी लेवीज स्ट्रॉस एंड कंपनी (LEVI'S) के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर हैं। उन्होंने कंपनी के ग्लोबल विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



**केवन पारेख**
APPLE
पारेख जनवरी 2025 से ऐपल के सीएफओ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐपल में फाइनेंशियल प्लानिंग में अपनी काबिलियत साबित करने के बाद उन्हें यह बड़ा पद सौंपा गया है।



**पाम कौर**
HSBC
पाम कौर ने इतिहास रचते हुए बैंकिंग दिग्गज एचएसबीसी (HSBC) की पहली महिला ग्रुप सीएफओ बनने का गौरव हासिल किया है। वे पंजाब यूनिवर्सिटी की छात्रा रही हैं।



**श्रीनिवास फाटक**
UNILEVER
फाटक इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। एफएमसीजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी यूनिलीवर में अहम वित्तीय जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



**सचिन मेहरा**
MASTERCARD
सचिन मेहरा पेमेंट सॉल्यूशंस कंपनी मास्टरकार्ड के सीएफओ हैं और कंपनी की ग्लोबल फाइनेंशियल स्ट्रैटेजी को लीड करते हैं। डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम को बढ़ाने में उनका बड़ा योगदान है।

**भारतीय बाजार में फाइनेंस लीडर्स सिर्फ नियमों का पालन नहीं करते, बल्कि उतार-चढ़ाव, अलग-अलग नियमों और कीमत को लेकर संवेदनशील ग्राहकों के बीच काम करते हैं। इससे सीमित संसाधनों में भी तेज विकास हासिल करने की क्षमता विकसित होती है।** – नागेश बैलूर, CFO, Randstad India

**भारतीय मूल के CFO अनुशासन, विनम्रता और निर्णायक सोच के बीच संतुलन बना पाते हैं। यही वजह है कि वे अलग-अलग देशों के बोर्डरूम में प्रभावी साबित होते हैं।** – माला चावला, एमडी (इंडिया और सिंगापुर), Stanton Chase

स्टडी में शामिल 17 कंपनियों के ज्यादातर मौजूदा CFO ने अपनी उच्च शिक्षा भारत से ही ली है।

# महिला गाइर्स का ड्यूटी संग पढ़ाई का जुनून, टाइगर रिज़र्व में मिला घर सा सुकून

■ राजेंद्र प्रसाद शर्मा, अलवर

सरिस्का टाइगर रिजर्व की फॉरेस्ट आउटपोस्ट में तैनात सरोज कुमारी खोरवाल अर्थशास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उन्होंने RAS-2022 की मुख्य परीक्षा दी थी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गईं। उनके पिता की 2021 में कोरोना से मौत हो गई थी। परिवार में 5 बहनें और 2 छोटे भाई हैं, और उनकी पढ़ाई की जिम्मेदारी अब सरोज पर ही है। सरोज का कहना है कि अगर वह RAS अधिकारी बनती हैं तो इस जिम्मेदारी को और बेहतर निभा सकेंगी।




फॉरेस्ट आउटपोस्ट में तैनात सरोज कुमारी RAS एग्जाम की तैयारी कर रही हैं




दूसरी महिला कर्मचारी रवीना मीणा के पास एमए और बीएड की डिग्री है। उनका सपना दिल्ली में टीचर बनने का है। इसके लिए वह दिन-रात एग्जाम की तैयारी में जुटी हैं। सरोज और रवीना दोनों की पोस्टिंग 2023 में सरिस्का में हुई थी। शुरुआत में उन्हें चौकियों में रहने में काफी मुश्किल हुई। छतों से पानी टपकता था, बाथरूम की हालत खराब थी और जंगल में रहना डराने वाला अनुभव था। समय के साथ बाघों से डर पर काबू पाया और निगरानी करना सीख लिया, पर खराब हालात से जूझना जारी रहा।

अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। चौकियों की मरम्मत के बाद उन्हें घर जैसा माहौल मिला है। छतें ठीक की गई हैं, कमरों में टाइल्स लगी हैं, चारदीवारी की गई है। सोलर लाइट से बिजली, नल का पानी और किचन की सुविधा उपलब्ध है। अलग बाथरूम और टॉयलेट भी बनाए गए हैं।

सरिस्का प्रशासन ने पिछले साल 22 और इस साल 37 चौकियों की मरम्मत की है। सभी चौकियों में 24 घंटे पानी और सोलर बिजली की सुविधा है। 59 चौकियों की मरम्मत से वनकर्मी अब आरामदायक माहौल में ड्यूटी कर सकते हैं। DFO अभिमन्यु सहारण ने बताया कि इसके लिए सरकार ने विशेष फंड मंजूर किया था।





## कुदरत और साइंस का संगम बेमिसाल

वाराणसी के BHU में पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर फूलों की प्रदर्शनी में सजा यह 'रॉकेट' देश की ऊंची उड़ान का जश्न मना रहा है। हजारों फूलों की महक और ISRO के गर्व को समेटे यह एग्जिबिशन हर किसी को सेल्फी लेने के लिए खींच रहा है।

# गुरु के लिए शिष्यों का महादान, ब्लड-किताबों से तौल बढ़ाया मान

Sangamesh.Menasinakai
@timesofindia.com

■ **हावेरी:** हावेरी जिले के अक्की आलूर में शनिवार को एक खास और अलग तरह का सम्मान देखने को मिला। यहां 40 साल तक पढ़ाने वाले इंग्लिश टीचर पी.आर. माथ (80) का तुलाभार खून और किताबों से किया गया। आम तौर पर तुलाभार में किसी व्यक्ति को चावल या गुड़ से तौला जाता है। इस मौके पर 108 पूर्व स्टूडेंट्स ने टीचर के वजन के बराबर 108 यूनिट




पी.आर. माथ



ब्लड डोनेट किया। साथ ही, उनके वजन के बराबर 47 किलो किताबें भी दी गईं।

पी.आर. माथ ने अक्की आलूर के नर सिंह राव देसाई हाई स्कूल और सिंधुर सिद्धप्पा पीयू कॉलेज में पढ़ाया है। उन्होंने आध्यात्मिक और कल्चरल एक्टिविटीज के लिए कई




कुस भी बनाए थे। 80 साल पूरे होने पर माथ ने अपने छात्रों से कहा था कि वे उन्हें कोई तोहफा न दें। इसके बाद छात्रों ने सोचा कि वे उनके वजन के बराबर किताबें डोनेट करेंगे। इसी दौरान 'स्नेह मैत्री ब्लड आर्मी'-जिसने अक्की आलूर को ब्लड डोनर्स का गांव बना दिया है, ने सम्मान के तौर पर ब्लड डोनेशन का आइडिया दिया। यह जानकारी श्री दुंडी बसवेश्वर जनपद कला संघ ने दी। इस प्रोग्राम में 2,000 से ज्यादा पुराने स्टूडेंट्स शामिल हुए। डिस्ट्रिक्ट ब्लड बैंक और डॉ. बसवराज तलवार ने कहा कि किसी टीचर के सम्मान में ऐसा कैंप इस इलाके में पहली बार हुआ है।

## ब्लड डोनेशन का लिया संकल्प

मोटिवेशनल स्पीकर महेश मसाल ने कहा कि यह प्रोग्राम दिल को छू लेने वाला था। 1977 बैच के स्टूडेंट्स और रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. आई.आई. मालोडे ने बताया कि माथ ने गांव के स्टूडेंट्स को अंग्रेजी जैसे मुश्किल सब्जेक्ट को बहुत आसान तरीके से पढ़ाया। इस मौके पर कई लोगों ने आगे भी नियमित तौर पर ब्लड डोनेट करने का संकल्प लिया।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
तकनीकी
मुद्रण

रिक्त पद

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज
(सार्वजनिक उद्यमों का एक शीर्ष निकाय)
स्कोप कॉम्प्लैक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
फोन: 011-24368208
"ई–निविदा सूचना"
स्कोप कॉम्प्लैक्स के घटकों की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए एमआईटी में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों के अनुसार पात्र प्रतिष्ठित, विशेषज्ञ ठेकेदारों से ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
F&A डिवीजन का रेनोवेशन।
आउटर फायर हाइड्रेंट रिंग मेन और वॉटर सप्लाई लाइन को बदलना।
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया SCOPE की वेबसाइट www.scopeonline.in और https://scope.ewizard.in पर जाएँ या ऊपर बताए गए पते पर संपर्क करें। ई–टेंडरिंग सहायता के लिए– 9355030607, 9355030630.
सभी इच्छुक पार्टियों को सलाह दी जाती है कि आगे किसी भी नवीनतम जानकारी जैसे तिथियों में संशोधन (यदि कोई हो) आदि के लिए नियमित आधार पर उपरोक्त वेबसाइट देखते रहें।
समूह महाप्रबंधक
(टेक. एवं एचआर)

इंडिया एक्जिम बैंक
प्रस्ताव हेतु अनुरोध
भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा परामर्शदाताओं की सेवाएं लेने के लिए पात्र भारतीय संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित हैं।
प्रयोजन: खरीद प्रबंधन सहायता सेवाओं हेतु
विवरण: https://gem.gov.in पर उपलब्ध है।
बिड संख्या: GEM/2025/B/7041091
आगामी सभी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जेम पोर्टल पर सूचित किए जाएंगे।

TENDER FOR SITC OF AIO DESKTOP AND WORKSTATION AT INDIA HABITAT CENTRE
Sealed bids are invited for SITC of AIO Desktops & Workstations at India Habitat Centre. Details are available on our website. https://indiahabitat.org/Tenders

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Jyoti Rani Singh W/o Randheer Kumar Singh R/o 876, Tower Ferrera, Mahagun Moderne, Sector-78, Noida, Gautam Buddha Nagar, UP-201301 Have Changed my name To Jyoti Rani

I, Sandeep Kumar S/o Bishan chand R/o WZ-646/2/3, Fateh nagar village, janakpuri, Del-58 have changed the name of my son Parth Kumar to Parth chaudhary for all purposes.

I, MANOJ KUMAR SHARMA / MANOJ SHARMA SHARMA S/O Late Sh. Deen Dayal Sharma R/o Plot No. 6/21, 3rd Floor, Ocean Views, Sec-2 Block -6, Rajender Nagar Sahibabad, Ghaziabad,U.P-201005 have changed my name from MANOJ KUMAR SHARMA / MANOJ SHARMA SHARMA to MANOJ SHARMA henceforth I would be known by the name of MANOJ SHARMA for all future purposes.

I, Atharv Singh S/o Randheer Kumar Singh R/o 876, Tower Ferrera, Mahagun Moderne, Sector-78, Noida, Gautam Buddha Nagar, UP-201301 Have Changed my name To Atharva Singh

I, Priyanka Rakesh Mate W/o Rakesh Mate R/o B-66, First Floor, Triveni Apartment, SFS Flats, Sheikh Sarai, Phase-1, New Delhi-110017, have changed my name from Priyanka Hemraj Gaurkar to Priyanka Rakesh Mate for all future purposes.

TO BOOK YOUR EDUCATION ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN QR CODE

GALLERIA TIMES interact

GEM MINES®
98108-00550
Book Now - Free Horoscope Free Consultation
YELLOW SAPPHIRE पुखराज
EMERALD पन्ना
RUBY माणिक
BLUE SAPPHIRE नीलम
CORAL मूंगा
PEARL मोती
HESSONITE गोमेद
CVD, ZIRCON & DIAMONDS
RUDRAKSHA रुद्राक्ष
RUDRAKSHA MALA रुद्राक्ष माला
BRACELET ब्रेसलेट
CRYSTALS क्रिस्टल
Acharya ji Available From: 12 to 6PM
Only in Office (By Prior Appointment)
0% EMI
KAROL BAGH (Monday Closed) 2547/7, 2nd Floor, Beadonpura (Gurudwara Road) Karol Bagh, Delhi-5. 98108-00550
GURGAON (Wednesday Closed) UGF- 26, JMD Regent Arcade Mall, Sector 28, Gurugram, Haryana. 93555-04878
For Free Consultation Call For Appointment
करोल बाग: 98108-00550 (Tue, Fri, Sat & Sun)
गुरुग्राम: 93555-04878 (Sun & Mon)

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL
PROPERTY
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹123000* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS

SEX PROBLEMS
•HORMONAL IMBALANCE
•EARLY DISCHARGE
•ERECTILE-DYSFUNCTION
•SPERMS PROBLEM
•UROGENITAL INFECTIONS
•WEAKNESS DUE TO DIABETES
CONSULT QUALIFIED SEXOLOGIST AT
PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar (Main Road), Pitampura, Delhi-34
Helpline: 9810119422

बवासीर
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन ख्याला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन
9289626250
9810807952

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, भूतोवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

SEX PROBLEMS?
सैक्स समस्यायें कैसी भी
स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी)
बे-औलाद?
मिलें-सलाह लें
कौशिक क्लिनिक Since-1986
9810-272-172

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: ccl Time: 12-25-2025 21:52 Color:



## पंजाब में पेड़ों की कटाई पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

■ आईएएनएस, चंडीगढ़: पर्यावरण संरक्षण को लेकर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने पूरे पंजाब में अदालत की पूर्व अनुमति के बिना पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है। मामले में अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। कोर्ट ने साफ कहा कि अगली सुनवाई या विशेष अनुमति के बिना राज्य में कहीं भी पेड़ नहीं काटे जाएंगे। यह आदेश मोहाली की एयरपोर्ट रोड पर प्रस्तावित लगभग 250 पेड़ों की कटाई के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। इस मामले में मोहाली निवासी शुभम सेखों ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की। याचिका में कहा गया था कि विकास परियोजनाओं के नाम पर पर्यावरणीय मानकों और वैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है और पूछा कि राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के तहत हो रही पेड़ों की कटाई को लेकर अब तक क्या ठोस पर्यावरणीय आकलन और वैधानिक अनुमति ली गई है। अगली सुनवाई पर पंजाब सरकार को अपना विस्तृत रुख और रेकॉर्ड अदालत के सामने रखना होगा।

**अगली सुनवाई पर रेकॉर्ड पेश करने को भी कहा**

# लखनऊ में बोले PM, परिवारवादी दूसरों की लकीर छोटी करते हैं

## कहा- हम हर किसी के योगदान का सम्मान कर रहे

■ पीटीआई, लखनऊ

**पीएम नरेन्द्र** मोदी ने परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना की। लखनऊ में उन्होंने कहा कि BJP को राजनीतिक रूप से हमेशा अछूत बनाए रखने वाली कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की विरासत को मिटाने की कोशिश की। सरदार वल्लभभाई पटेल के कद को कमतर करने की भी कोशिश। BJP ने उन्हें सम्मान दिलाया।

पीएम ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की शुरुआत करने के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि परिवारवाद की राजनीति असुरक्षा से भरी हुई होती है। परिवारवादियों के लिए दूसरों की लकीर छोटी करना मजबूरी हो जाती है, उनके परिवार का कद बड़ा दिखे और उनकी दुकान चलती रहे। मोदी ने कहा, 'प्रेरणा स्थल में लगीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं हमें नई ऊर्जा से भर रही हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना है कि आजादी के बाद भारत में हुए हर अच्छे काम को कैसे एक ही परिवार से जोड़ने की प्रवृत्ति पनपी।' उन्होंने कांग्रेस और गांधी-नेहरू परिवार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, 'किताबें हों, सरकारी योजनाएं

Sandeep Rastogi



राष्ट्र प्रेरणा स्थल की पीएम ने शुरुआत की। इसमें अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 65 फुट ऊंची कांस्य की प्रतिमाएं लगी हैं। एक म्यूजियम भी यहां बनाया गया है।

हों, सरकारी संस्थान हों, गली, सड़क, चौराहे हों, सब जगह एक ही परिवार का गौरव गान किया गया। एक ही परिवार के नाम, उनकी ही मूर्तियां, यही सब चला। BJP ने देश को एक परिवार की बंधक बनी इस पुरानी प्रवृत्ति से भी बाहर निकाला है। हमारी सरकार मां भारती की सेवा करने वाली हर अमर संतान, हर किसी के योगदान को सम्मान दे रही है।'


मोदी ने आरोप लगाया, 'यह कोई नहीं भूल सकता कि कैसे बाबा साहब आंबेडकर की विरासत को मिटाने की कोशिश हुई। दिल्ली में कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने यह पाप किया। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी वालों ने भी यही दुस्साहस किया, लेकिन BJP ने बाबा साहब की विरासत को मिटने नहीं दिया। आज दिल्ली से लेकर लंदन तक बाबा साहब आंबेडकर के पंच तीर्थ उनकी विरासत का जय घोष कर रहे हैं।'

### गर्व है कि 370 खत्म किया: मोदी

मोदी ने कहा कि BJP को गर्व है कि उसकी सरकार को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले आर्टिकल-370 को समाप्त करने का अवसर मिला। मोदी ने मुखर्जी को याद करते हुए कहा, 'मुखर्जी ने देश को दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाई। ये डॉक्टर मुखर्जी ही थे जिन्होंने भारत में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान को खारिज कर दिया था। जम्मू-कश्मीर में यह व्यवस्था भारत के लिए चुनौती थी। आज भारत का संविधान जम्मू-कश्मीर में भी पूरी तरह लागू है।' मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग मंत्री के रूप में मुखर्जी ने भारत में आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव रखी। दशकों पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का सपना देखा था। उनके सपने को मोदी ने अपना संकल्प बनाया है।

## नए साल में आएंगे दो अडवांस्ड प्लेन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नया साल 2026 भारत की एविएशन मार्केट के लिए कुछ खास होगा। वह इसलिए, क्योंकि नए साल में भारत की सरजमीं पर पहली बार भारतीय एयरलाइंस के दो नए एयरक्राफ्ट A350-1000 और A321-XLR लैंड करेंगे। दोनों ही प्लेन बेहद एडवांस, कम फ्यूल खर्च करने और करीब 50 फीसदी कम शोर करने वाले हैं। इनमें उड़ान भरना भारतीय यात्रियों के लिए एक शानदार अनुभव रहेगा। भारत की किसी भी एयरलाइंस के पास अभी तक इन दोनों मॉडल वाले एयरक्राफ्ट नहीं हैं। इनमें से इंडिगो के बेड़े में शामिल होने वाला A321-XLR तो अगले महीने जनवरी के पहले सप्ताह में ही फ्रांस के टूलूज से दिल्ली में लैंड करने की उम्मीद है। इससे इंडिगो भारत को देश में पहली बार भारत की डायरेक्ट फ्लाइट के साथ यूनान की राजधानी एथेंस से जोड़ेगी। इसमें बिजनेस (इंडिगोस्ट्रेच) और इकोनॉमी दो क्लास होंगी। इंडिगो दिल्ली और मुंबई से एथेंस को डायरेक्ट फ्लाइट से कनेक्ट करेगी।



# उन्नाव रेप केस में HC के फैसले को चुनौती देने की तैयारी में CBI

## केंद्रीय जांच एजेंसी सुप्रीम कोर्ट में जल्द अर्जी देगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**उन्नाव रेप** मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने और जमानत देने के फैसले को सीबीआई जल्द सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। दिल्ली हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने सेंगर को जमानत दी है।

सीबीआई का कहना है कि उसने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेशों की स्टडी की है। इस मामले में टॉप लीगल एक्सपर्ट की ओपिनियन ली जा रही है। जल्द ही वह हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। सीबीआई अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए कानूनी सलाह लेते हुए काम जोरशोर से किया जा रहा है। उम्मीद है कि इसी महीने में सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी जाएगी। इसके लिए हाई कोर्ट के फैसले का अध्ययन कर सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर करने की तरफ काम किया जा रहा है। इसमें देखा जा रहा है कि हाई कोर्ट में पेश सबूतों में कहां ऐसी कमी रही, जो कोर्ट को सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित कर उसे जमानत देनी पड़ी। इन कमियों को दूर करने की पूरी कोशिश की जाएगी। सेंगर की ओर से दायर अपील और जमानत याचिका का सीबीआई के साथ-साथ पीड़ित के परिवार ने भी दिल्ली हाई कोर्ट के सामने कड़ा विरोध किया था। सीबीआई का कहना है कि उसने इस मामले में समय पर जवाब और लिखित दलीलें दाखिल की थीं। पीड़ित के परिवार ने भी सुरक्षा और खतरों का हवाला देते हुए इस याचिका का विरोध किया था। अब दिल्ली हाई कोर्ट के इस फैसले को सीबीआई तुरंत चुनौती देगी।

File Photo



कुलदीप सिंह सेंगर की सजा हाई कोर्ट ने सस्पेंड कर दी है।

### न्याय की भाषा समझ में आए: अखिलेश

**पीटीआई, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (SP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय तभी सार्थक हो सकता है जब वह न्याय चाहने वालों को समझ में आने वाली भाषा में दिया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषाई समावेश भी न्याय के लिए निर्णायक बिंदु है।

### फैसले से गया डरावना मेसेज: महबूबा मुफ्ती

**पीटीआई, श्रीनगर:** PDP की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद को निलंबित करने से उन्नाव रेप पीड़िता को एक डरावना मेसेज गया है। BJP के शासन में रेप के मामले में नरमी बरती जा रही है।

# 90% अरावली का संरक्षण नहीं: कांग्रेस इस पर झूठ फैलाया जा रहा: केंद्रीय मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** अरावली पर्वतमाला से जुड़े मुद्दे को लेकर आरोप लगाया कि पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं पर पीएम नरेन्द्र मोदी की वैश्विक स्तर की कथनी और उनकी स्थानीय स्तर की करनी के बीच कोई तालमेल नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि अरावली का 90% से अधिक हिस्सा नई परिभाषा के तहत संरक्षित नहीं किया जाएगा और इसे खनन, रियल एस्टेट और दूसरी गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है। यह पहले से ही तबाह पारिस्थितिकी तंत्र को और नुकसान पहुंचाएगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को कांग्रेस द्वारा लगाए गए इन आरोपों को खारिज कर दिया।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मोदी सरकार द्वारा अरावली की पुनर्परिभाषा, जो सभी एक्सपर्ट्स की राय के उलट है, खतरनाक और विनाशकारी है। भारतीय वन सर्वेक्षण के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 मीटर से अधिक ऊंची अरावली पहाड़ियों का केवल 8.7 प्रतिशत हिस्सा ही 100 मीटर से अधिक ऊंचा है। अगर, भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा पहचानी गई सभी अरावली पहाड़ियों को लें, एक प्रतिशत भी 100 मीटर से अधिक नहीं है। साथ ही उसका मानना है और यह सही भी है कि ऊंचाई की सीमाएं संदिग्ध हैं और ऊंचाई की परवाह किए बिना सभी अरावली को संरक्षित किया जाना चाहिए।

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी घबराई हुई है क्योंकि सरकार ने अरावली में खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की एक पोस्ट का जवाब देते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा की गई किसी भी स्टडी में आपकी कही गई बातों का कोई प्रमाण नहीं है। लेकिन मुझे पता है कि उसके द्वारा स्पष्ट खंडन जारी करने के बावजूद आप ये झूठ क्यों फैला रहे हैं। शायद आपकी पर्यावरणविद् वाली छवि तब विश्वसनीय साबित होती जब आप अपने पार्टी सहयोगी अशोक गहलोत से पूछते कि अरावली पर्वतमाला को किसने नष्ट किया।' यादव ने निशाना लिखा, 'आप और आपके गुट के लोग इसलिए घबराए हुए हैं क्योंकि हमने गुजरात से दिल्ली तक अरावली पर्वतमाला में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। हम आपको, गहलोत या आपकी पार्टी के किसी भी सदस्य को पवित्र अरावली पर्वतमाला को फिर कभी लूटने नहीं देंगे। आपकी पार्टी ने जो कुछ भी नष्ट किया है, उसके पुनर्निर्माण के लिए हम काम करते रहेंगे।' पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को पूरे अरावली क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्रों और जोन की पहचान करने का निर्देश भी दिया है।

अरावली विरासत जनअभियान की नीलम अहलूवालिया ने अरावली के कुल क्षेत्रफल का तुलनात्मक डेटा तुरंत सार्वजनिक करने की मांग की है।

Gen Z का प्रदर्शन

PTI




जयपुर में अरावली को बचाने के लिए बुधवार को Gen Z ने प्रदर्शन किया।

### अरावली को लेकर जयपुर में मौन प्रदर्शन

**पीटीआई, जयपुर:** अरावली की नई परिभाषा के मुद्दे पर जयपुर के सेंट्रल पार्क में गुरुवार को बड़ी संख्या में लोगों ने मौन प्रदर्शन किया। 'भारत सेवा संस्थान' के सचिव और राज्य के पूर्व महाधिवक्ता जी. एस. बापना ने इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। हाथों में तख्तियां लिए लोगों ने इस बात पर चिंता जताई कि नई परिभाषा से अरावली का 90 प्रतिशत हिस्सा कानूनी संरक्षण से बाहर हो जाएगा। पार्क में घूमने आए लोग भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। बापना ने कहा कि अरावली एक महत्वपूर्ण पर्वतमाला है, जिस पर जल, वन, वन्यजीव, पर्यटन स्थल, मंदिर, किले और महल निर्भर करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पर्वतमाला का संरक्षण जरूरी है। अरावली पर्वतमाला का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा पहले ही खनन से तबाह हो चुका है और इसी रफ्तार से खनन गतिविधियां जारी रहीं, तो अरावली पूरी तरह समाप्त हो सकती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर ऐसा हुआ तो Gen-Z पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।'

## K-4 मिसाइल का सफल टेस्ट

■ NBT रिपोर्ट: भारत ने मंगलवार को बंगाल की खाड़ी में परमाणु शक्ति से लैस पनडुब्बी INS अरिघात से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली K-4 बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। यह परीक्षण विशाखापत्तनम तट के पास किया गया। रक्षा मंत्रालय की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया, लेकिन सूत्रों ने पुष्टि की कि यह दो-चरणीय, ठोस ईंधन वाली K-4 मिसाइल थी, जो करीब दो टन का परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। TOI के मुताबिक K-4 मिसाइल भारत के न्यूक्लियर ट्रायड के समुद्री हिस्से को मजबूत करने के लिए बेहद अहम मानी जाती है। INS अरिघात को अगस्त 2024 में कमीशन किया गया था।






## भीड़ ने की रायपुर के मॉल में तोड़फोड़

■ NBT रिपोर्ट: छत्तीसगढ़ बंद के दौरान बुधवार को डंडों से लैस एक दक्षिणपंथी संगठन के सदस्यों ने रायपुर के एक मॉल में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान क्रिसमस की सजावट को निशाना बनाया गया और मॉल में लगाए गए क्रिसमस ट्री और सांता क्लॉज की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मॉल प्रबंधन ने बताया कि बंद के समर्थन में मॉल आधिकारिक तौर पर बंद था, इसके बावजूद घटना हुई। हिंसक घटना में उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मॉल प्रबंधन के अनुसार, 40-50 लोगों का एक समूह बेहद आक्रामक और हिंसक था। वे डंडे लेकर मॉल में दौड़ते हुए कर्मचारियों और अंदर मौजूद अन्य लोगों से पूछ रहे थे, तुम हिंदू हो या ईसाई? तुम्हारी जाति क्या है?

# चीफ सेक्रेट्री सम्मेलन में आज विकसित भारत पर होगी बात

## पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की नरेन्द्र मोदी करेंगे अध्यक्षता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी दिल्ली में चीफ सेक्रेट्री के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। 26-28 दिसंबर तक होने वाले इस सम्मेलन में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं पर चर्चा होगी। यह सम्मेलन केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवा जिला कलेक्टर और मैजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारियों के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्रालयों के भी सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। शिक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय समेत कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे। इस मौके पर केंद्र सरकार की कई बड़ी योजनाओं को लेकर प्रेजेंटेशन भी होगा। प्रधानमंत्री इससे पहले भी राज्यों के मुख्य सचिवों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करते हैं और आम लोगों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं।

इस बार के सम्मेलन की थीम- विकसित भारत के लिए मानव पूंजी (Human Capital for Viksit Bharat) है। भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के लोगों के ज्ञान, कौशल, स्वास्थ्य और क्षमताओं में निवेश करना ताकि वे देश की उत्पादकता और समृद्धि में योगदान कर सकें। शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास पर फोकस किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सम्मेलन में उद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देने पर भी चर्चा होगी।

■ 26-28 दिसंबर तक होने वाले इस सम्मेलन में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं पर चर्चा होगी

# खरगे से मिले शिवकुमार, CM पर अटकलें तेज़

■ पीटीआई, बेंगलुरु

**कर्नाटक के** उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर उनसे मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक को राज्य में मुख्यमंत्री पद के लिए चल रहे सत्ता संघर्ष से जोड़ कर देखा जा रहा है।

शिवकुमार ने हालांकि बैठक के बाद कहा, 'उन्होंने किसी भी राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा नहीं की और कांग्रेस वर्किंग कमिटी की 27 दिसंबर को होने वाली बैठक के मद्देनजर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ केवल राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में केंद्र द्वारा मनरेगा की जगह पारित किए गए कानून के संबंध में अपने विचार साझा किए हैं।' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने खरगे के साथ किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा नहीं की है। शिवकुमार ने कहा, 'ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है, मैं ऐसा नहीं करूंगा, फिलहाल ऐसी कोई बात नहीं है। सिद्धारमैया और मैंने कहा है कि हम आलाकमान के फैसले का पालन करते हुए काम करेंगे और हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं।' शिवकुमार से पूछा गया कि क्या वह पार्टी कार्यकर्ता बने रहेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उनका अभिप्राय पार्टी के आजीवन सदस्य बने रहना और संगठन की सेवा करना था, चाहे वह किसी भी पद या स्थिति पर हों। डिप्टी सीएम ने कहा, 'मैं पार्टी का आजीवन कार्यकर्ता हूं। पद चाहे जो भी हो, मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं। मैंने पार्टी कार्यकर्ता और अध्यक्ष दोनों के रूप में पार्टी का झंडा फहराया है। मैंने पार्टी के पोस्टर लगाए हैं, सफाई का काम किया है। मैंने कांग्रेस पार्टी के लिए सब कुछ किया है। मैं सिर्फ मंच पर बैठकर भाषण देने नहीं आया हूं। मैंने पार्टी के लिए हर काम किया है।' उपमुख्यमंत्री से जब पूछा गया कि उन्हें उनकी मेहनत का इनाम कब मिलेगा, तो उन्होंने कहा, 'मैं ऐसे सवालों का जवाब नहीं दूंगा।'

PTI



बेंगलुरु में दोनों नेता की मीटिंग हुई। इसके बाद शिवकुमार ने कहा कि सिर्फ CWC पर चर्चा की।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: dilip.lal Time: 12-25-2025 21:56 Color:



जहां नैतिकता न हो उस राजनीति का कोई अर्थ नहीं है।
– महात्मा गांधी

# यूनुस पर सवाल

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल के स्वनिर्वासन के बाद गुरुवार को देश लौटे, जिन्हें देश का अगला पीएम माना जा रहा है। इस बीच, अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने जिन कट्टरपंथियों को बढ़ावा दिया था, आज वही देश में शांति-सौहार्द के लिए चुनौती बन गए हैं।

**गंभीर आरोप** । शेख हसीना को पद से हटाने के बाद छात्र नेताओं ने इस उम्मीद के साथ मोहम्मद यूनुस को कमान सौंपी थी कि वह एक बेहतर व्यवस्था की नींव रखने में मदद करेंगे।


तारिक की वापसी

हालांकि कुछ महीनों बाद ही यह उम्मीद टूटने लगी थी और चुनाव को लेकर जिस तरह की खींचतान मची, उससे लगा कि अब लड़ाई व्यवस्था परिवर्तन नहीं, सत्ता कब्जाने की है। इस कड़ी में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद उनके भाई के लगाए गए आरोप बेहद संगीन हैं।

**कट्टरपंथियों की साजिश** । हादी के भाई का कहना है कि सरकार से जुड़े लोगों ने हादी को मरवाया, ताकि चुनाव टाला जा सके। सभी दलों को समान अवसर नहीं देने के कारण यह चुनाव पहले ही संदेह के घेरे में है। इस आरोप का मतलब है कि सत्ता में शामिल कुछ तत्व जानबूझकर बांग्लादेश को अस्थिरता की ओर ले जा रहे हैं और वहां भारत विरोधी झूठा नैरेटिव बनाने में भी उन्हीं की साजिश है।

**भारी पड़ेंगे सवाल** । हादी कट्टर विचारधारा के युवा नेता थे, जो जुलाई क्रांति से उभरे थे। बांग्लादेश के मौजूदा माहौल में उनका कद बहुत बढ़ गया था, ऐसे में उनके परिवार की ओर से उठाए गए सवाल मोहम्मद यूनुस पर भारी पड़ सकते हैं। खराब कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के मामले में कार्रवाई करने के लिए उन पर पहले से अंतरराष्ट्रीय मंचों का दबाव है।

**निष्पक्षता पर शक** । इस बात पर शुरू से संशय था कि शेख हसीना की पार्टी को चुनाव में हिस्सा लेने दिया जाएगा। अब सरकार का स्पष्टीकरण आ गया है और वह भी उस दिन, जब तारिक रहमान देश लौटे हैं। यह संयोग नहीं हो सकता। विभिन्न मुकदमों का सामना कर रहे तारिक को अंतरिम सरकार में ही राहत मिली और उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ। उन्हें पीएम पद का दावेदार माना जा रहा है। उनकी पार्टी BNP फिलहाल आगामी आम चुनाव जीतने के लिहाज से सबसे मजबूत स्थिति में है। लेकिन, क्या अवामी लीग के बगैर होने जा रहे इस चुनाव को बांग्लादेश की जनता का सही मत माना जाएगा।

## तिराहा

# सब्ज़बाग़


प्रेम शंकर मिश्र

कमला को सुधर्मा डांटे जा रही थी। जितनी बार वह सड़क देखती, उनका पारा चढ़ जाता। सुखनंदन ने माजरा समझा तो पता चला, सड़क घर के फर्श से ज्यादा चमक रही थी, लेकिन उसे रगड़े जाने का क्रम जारी था, इधर भीतर कमला थककर बैठ गई थी।

सुखनंदन ने समझाया, 'प्रिये! आज देश के प्रधान आ रहे हैं, इसलिए चमक है। कल से यथावत हो जाएगी। इसके लिए इस बेचारी को मत कोसो।' सुधर्मा तुनक गईं, 'आज भी वैसे ही रहने देते, हकीकत तो पता चलती।' सुखनंदन मुस्कुराए, 'पगली, तुम तो व्यवस्था को ही ध्वस्त कर दोगी। तुम्हें सिद्धार्थ की कथा नहीं पता?'

'राजा शुद्धोधन के घर पुत्र का जन्म हुआ तो ज्योतिषियों ने कहा कि यह बड़ा होकर फकीर बनेगा। परेशान राजा ने सिद्धार्थ को सुविधाओं के बंधन से बांध दिया। वह जहां जाते, वहां ऐश्वर्य का सब्जबाग ही दिखता। लेकिन, एक दिन गलती से उनकी नजर एक शवयात्रा पर पड़ गई, मिथक टूट गए, दुःख का भान हुआ। उन्होंने विरक्ति का मार्ग पकड़ लिया।'

'इस कथा का आज से क्या लेना-देना?' सुधर्मा ने जिज्ञासा व्यक्त की। 'प्रिये! शुद्धोधन व्यवस्था यानी तंत्र का प्रतीक है। उसका कार्य है सब्जबाग को बनाए रखना। नेतृत्व बुद्ध हो गया तो तंत्र के दुख को पहचान लेगा। यथार्थ जान उसे उन व्यवस्थापकों से विरक्ति होने लगेगी जो उसके आंख-कान हैं। इसलिए उनका लाभ उसे बुद्ध नहीं, 'बुद्धू' बनाने में है। वैसे भी बापू का रामराज्य हमारा आदर्श है – नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। प्रजा न सही, राजा ही रामराज्य उतरता महसूस कर ले। तंत्र का लक्ष्य पूरा हो जाएगा।' सुखनंदन ने समझाया।



'अरे देश में राजशाही थोड़े है, लोकतंत्र है?' संशय भरा प्रश्न उठा। 'प्रिये! लोकतंत्र में उतना ही 'लोक' है, जितना गुलाब जामुन में गुलाब और जामुन। लोक वह घोड़ा है, जिसे घास दिखा उसकी आंख पर पट्टी बांध दी जाती है। सावन के अंधे की तरह हरे भाव से भरा वह दौड़ता रहता है और तंत्र सवारी का लुत्फ उठाता है।' सुखनंदन ने जवाब दिया।

## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

# सीखने की ललक

18वीं सदी के प्रभावशाली और महान चित्रकारों में ब्रिटेन में एक नाम उभरा, सर जोशुआ रेनॉल्ड्स। उन्होंने अपनी चित्रकला से दुनिया को प्रभावित किया। यह उन दिनों की बात है जब वह अपनी कला को निखारने के लिए बेचैन थे।


Subrata Dhar

इसी सिलसिले में वह एक बार इटली गए। वहां उन्होंने वेटिकन में राफेल और माइकल एंजेलो की कलाकृतियों का गहन अध्ययन किया। उनकी कृतियों का अध्ययन करते समय वह अपनी सुध-बुध खो बैठते थे। उन दिनों वेटिकन में बहुत अधिक ठंड पड़ रही थी। रेनॉल्ड्स अपने काम में इतने अधिक रमे हुए थे कि उन्हें बिगड़ते मौसम का भी आभास न हुआ और उन्हें गंभीर सर्दी लग गई। वह इतना बीमार हो गए कि उनकी सुनने की क्षमता लगभग खत्म हो गई। उनके मित्र ने कहा, 'यदि आप इटली नहीं जाते तो आपकी सुनने की क्षमता नहीं जाती।' इस पर रेनॉल्ड्स ने कहा, 'यदि कला को निखारने के लिए मुझे सौ बार भी सुनने की क्षमता गंवानी पड़े, आंधी-तूफान और बर्फ का दबाव झेलना पड़े तो स्वीकार है, लेकिन कला के साथ समझौता करना स्वीकार नहीं। वहां जाकर ही मुझे चित्रों में छिपे गूढ़ अर्थ मिले हैं।' कला के प्रति इतने उच्च मापदंडों के कारण ही रेनॉल्ड्स आज भी विश्व के महान कलाकार के रूप में याद किए जाते हैं।

### आर्थिक, सामाजिक समेत विभिन्न मानकों पर अब भी महाराष्ट्र और गुजरात अव्वल

# नॉर्थ का प्रदर्शन सुधरा, पर साउथ आगे



गंगाधर ढोबले

वर्ष 2025 में कौन सा राज्य हीरो कहलाने लायक है? इस साल सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले टॉप पांच राज्यों में हैं – महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु। एक निजी रिसर्च एजेंसी 'केयर' ने यह रैंकिंग जारी की है। ऐसा पहला सर्वे 2023 में किया गया था। उसमें भी महाराष्ट्र पहले और गुजरात दूसरे नंबर पर था, जबकि तब तीसरे स्थान पर रहा तमिलनाडु इस बार पांचवीं पोजिशन पर फिसल गया है। 2024 में सर्वेक्षण नहीं हुआ था।

**रैंकिंग का आधार** । सर्वे के लिए कुछ मानक तय किए गए – आर्थिक, राजकोषीय, सामाजिक, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, शासन और पर्यावरण। इन मानकों के और लगभग 50 उपमानक तय किए गए, जैसे राज्यों का सकल GDP, निवेश, उद्योग विकास, बजट, राजस्व, कर्ज, बिजली, सड़क, रेल, जल संसाधन, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि। हर मानक को वेटेज दिया गया है। उनके कुल जोड़ से एक इंडेक्स बनता है, जिससे उस राज्य की रैंकिंग तय होती है।

**समग्र विकास** । टॉप 5 को छोड़कर अन्य राज्य किसी न किसी मानक में अव्वल जरूर हैं, लेकिन समग्रता में पिछड़ गए। स्थिर विकास लक्ष्य (SDG) पाने में उत्तराखंड और केरल शीर्ष पर हैं। सुशासन में आंध्र प्रदेश अव्वल है। रोजगार और कौशल में उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि और ग्रामीण विकास में उत्तर प्रदेश, पंजाब और बिहार ने अच्छा स्कोर किया है।

iStock



**राज्यों का प्रदर्शन** | कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना हैं टॉप 5 में शामिल | दूसरे राज्यों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर किया | यूपी और एमपी की अर्थव्यवस्था में दिखा सुधार

**महाराष्ट्र आगे** । आर्थिक क्षेत्र में टॉप 5 राज्यों के विकास मॉडल में मामूली अंतर दिखाई देगा। महाराष्ट्र राज्यों में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहा। देश की GDP में उसका योगदान 20% से अधिक है। मुंबई देश की वित्तीय राजधानी तो है ही, वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रवेश द्वार भी है।

2025 के हीरो

**गुजरात मॉडल** । गुजरात का आर्थिक मॉडल निर्माण, उद्योग और निर्यात पर आधारित है। वह भारत का सबसे उद्योग अनुकूल राज्य रहा। बंदरगाहों का जाल, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, बेहतर सड़कों और औद्योगिक क्षेत्रों ने इसे निवेशकों की पहली पसंद बनाया। गुजरात का विकास अपेक्षाकृत अधिक समान और अनुशासित दिखाई देता है।

**कर्नाटक का दबदबा** । कर्नाटक का आर्थिक विकास, शासन और पर्यावरण के क्षेत्रों में अच्छा दबदबा दिखाई देता है। उद्योग और सेवा क्षेत्रों का योगदान अधिक है। नीति क्रियान्वयन और प्रशासनिक क्षमता बेहतर है। स्वच्छ ऊर्जा और वायु गुणवत्ता बेहतर है। लेकिन सामाजिक क्षेत्रों में उसका प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में कुछ कमजोर दिखता है।

**तमिलनाडु की ताकत** । तेलंगाना उद्योग अनुकूल नीतियां लागू करने में सफल रहा। आईटी, फार्मा, बायोटेक और सेवा क्षेत्र में उसने अच्छा स्कोर किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर और शहरी विकास में तेजी लाई है। उसने कमजोर वर्गों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। वहीं, तमिलनाडु संतुलित मार्ग अपनाता दिखाई देता है। यहां विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूती है। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है।

**पक्ष बनाम विपक्ष** । राजनीतिक स्थिरता और शासन की गुणवत्ता में पांचों राज्यों के अनुभव अलग-अलग हैं। गुजरात राजनीतिक स्थिरता और नीति निरंतरता का अनुपम उदाहरण है। इसके विपरीत महाराष्ट्र राजनीतिक जटिलताओं का राज्य रहा। फिर भी मजबूत नौकरशाही और संस्थागत ढांचे ने राज्य को पटरी से उतरने नहीं दिया। इसी तरह कर्नाटक की सरकार में आंतरिक कलह दिखती है, लेकिन वह भी विकास की गति बनाए रखने में सफल रहा है। तेलंगाना और तमिलनाडु में राजनीतिक स्थिरता बनी हुई है, जिससे विकास को बढ़ावा मिला है। इन टॉप पांच राज्यों में से केवल गुजरात व महाराष्ट्र में ही BJP की सत्ता है। कर्नाटक और तेलंगाना कांग्रेस शासित राज्य हैं, जबकि तमिलनाडु में DMK की सरकार है।

**उत्तर का प्रदर्शन** । हिंदी भाषी राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में सुधार दिखा। यूपी में एक्सप्रेस नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक क्लस्टर और निवेश सम्मेलनों के कारण औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि हुई। मध्य प्रदेश ने कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और खनिज आधारित उद्योगों में प्रगति की। राजस्थान में पर्यटन, सौर ऊर्जा और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं दिखाई दीं, लेकिन रोजगार सृजन की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। हरियाणा में आर्थिक स्थिति मजबूत रही। कुल मिलाकर हिंदी भाषी राज्यों की अर्थव्यवस्था विकासशील रही, पर गुणात्मक विकास और प्रति व्यक्ति आय के मामले में दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों से पीछे रही।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# क्या उलटा घूम रहा भारतीय खेलों का पहिया


मनोज जोशी

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पिछले दिनों खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की एथलेटिक्स की इवेंट चल रही थी। महिलाओं की 400 मीटर इवेंट में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की मनीषा 400 मीटर के ट्रैक पर अकेली दौड़ रही थीं क्योंकि इस इवेंट में भाग लेने वाले पांच एथलीटों में से चार ने आखिरी क्षणों में अपना नाम वापस ले लिया था। पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के रुचित मोर भी अकेले ही दौड़े। कुश्ती में तीन इवेंट्स में दो और एक इवेंट में तीन ही प्रतियोगी थे।

**खतरे की घंटी** । यह नजारा उन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का था, जिस पर सरकार अपने हर सालाना बजट में करोड़ों रुपयों का इजाफा करती है। वैसे खिलाड़ियों को एक बड़े स्तर पर मौका देने की सोच बुरी नहीं है लेकिन उनकी दिलचस्पी न होने के कारणों का पता लगाने की जरूरत है। इसे खतरे की घंटी के तौर पर लेना होगा।

**नाडा की दहशत** । ऐसे में 2036 के ओलिंपिक की दावेदारी भी सवालों के घेरे में है। ऐसा लगने लगा है कि भारतीय खेलों का पहिया उलटी दिशा में चल रहा है। भारतीय खेलों में डोपिंग के मामले इतने घुल-मिल गए हैं कि खिलाड़ियों को एंटी डोपिंग एजेंसी नाडा के नाम से ही दहशत होने लगती है। वह जानते हैं कि मेडल जीतने पर वह डोपिंग में फंसेंगे और उनका करियर तबाह हो जाएगा। इसी वजह से या तो वे कॉम्पिटिशन के पहले अपना नाम वापस ले लेते हैं या फिर अपने राइवल को वॉकओवर देकर अपना पिंड छुड़ा लेते हैं।

कॉमन रूम

AI Image



**खेल एक, फेडरेशन अनेक** । बॉक्सिंग को ही लें तो वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए दुबई गई भारतीय टीम के 13 में से 11 खिलाड़ी पहले ही राउंड में बाहर हो गए। कारण टीम में टॉप बॉक्सर नहीं थे। टॉप बॉक्सर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पास थे और इन बॉक्सरों को भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन लेकर गया था।


**मुकदमों से नुकसान** । खेलों पर खर्च की जाने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा कोर्ट-कचहरियों में चल रहे मामलों पर खर्च हो रहा है। पिछले दस वर्षों में खेलों से जुड़े 770 मामले कोर्ट में दर्ज हुए। इनमें 462 केस हाई कोर्ट में और 22 सुप्रीम कोर्ट में आए।

**पैसों की कमी** । इन सब मामलों में खेल फेडरेशनों का इतना नुकसान हो चुका है कि कई फेडरेशनों के पास तो किसी प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए तकनीकी अधिकारियों को देने के पैसे तक नहीं हैं। जाहिर है, फेडरेशनों को अपनी आय के सोर्स बढ़ाने की जरूरत है।

*(लेखक वरिष्ठ खेल पत्रकार और टीवी कॉमेंटेटर हैं)*

## कांटे की बात

अरावली पर सरकार की नई परिभाषा के मुताबिक, 90% से अधिक पहाड़ियों को सुरक्षा नहीं मिलेगी। उन्हें माइनिंग, रियल एस्टेट और दूसरी गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है, जिससे इकोसिस्टम को और नुकसान होगा।


जयराम रमेश, पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री

## सप्ताह की शख्सियत

# दीपिका ने अपने गांव को शहर से जोड़ दिया

*भारतीय टीम ने पिछले महीने विमिंस ब्लाइंड T20 विश्व कप जीता था। महिला टीम की कप्तान टीसी दीपिका की जब आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण से मुलाकात हुई, तो इनाम की जगह उन्होंने एक ही इच्छा जाहिर की – उनके गांव में सड़क बन जाए।*

### बचपन में हादसा

**दीपिका के** गांव का नाम है ताम्बालाहट्टी, आंध्र और कर्नाटक की सीमा पर मौजूद – विकास से कोसों दूर। इस पूरे इलाके के लिए ही दीपिका नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। वह केवल 5 महीने की थीं, जब अपनी ही अंगुली आंखों पर मार ली। आसपास अस्पताल नहीं था। मजदूर मां-बाप ने बेटी का इलाज कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन दीपिका की रोशनी वापस नहीं आई।


AI Image

### क्रिकेट बना सहारा


**कुणिगल और** मैसूर के स्पेशल स्कूल में दीपिका ने पढ़ाई की। स्कूल-हॉस्टल फ्री थे, लेकिन पैसों की ऐसी तंगी थी कि पिता को बेटी से मिलने जाना होता, तो किराये के लिए कर्ज लेना पड़ता था। इस संघर्ष में क्रिकेट ने उन्हें राह दिखाई। 2019 में उन्हें सिलेक्शन ट्रायल की पहली कॉल आई थी। तब से दीपिका का सफर जारी है और उन्हें भरोसा है कि अब उनका गांव भी बदलेगा।

## जनता जंक्शन

इरफान




# अटलजी के लिए देश हमेशा दल से ऊपर रहा


डॉ. दिनेश शर्मा


कहते हैं, राजनीति में विरोधी भी सामान पर धूल की तरह ही जमा हो जाते हैं। मगर हमारे पास एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने इसे झूठा साबित किया। वह ऐसे इंसान थे, जिनके प्रतिद्वंद्वी तो थे, पर कोई दुश्मन नहीं। दुनिया के लिए वह भारत को नया रूप देने वाले प्रधानमंत्री थे, मेरे और लखनऊ वालों के लिए बस अटल।

## पश्चिम के आगे अडिग रहे

यह लिखते-लिखते मैं अमीनाबाद की तंग गलियों और मेरे घर में उनके आने की यादों में खो गया हूं। पहली बार वह जब मेरे यहां आए, तो मैंने उन्हें खीर परोसा। घबराहट में मुझसे थोड़ी खीर उनके कपड़ों पर गिर गई। इस पर नाराज होने की बजाय वह हंस पड़े। अटल बिहारी वाजपेयी देश के पीएम ही नहीं, बल्कि एक अभिभावक थे। उन पर लिखना 'गागर में सागर' भरने जैसा है।

उन्हें विरासत में सत्ता नहीं मिली थी। इसके लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व वाले भारतीय जनसंघ से उन्होंने राजनीति शुरू की। 1957 में पहली बार लोकसभा पहुंचे और उनकी प्रतिभा देख पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तब कहा था कि 'यह लड़का किसी दिन भारत का प्रधानमंत्री बनेगा।' 1980 में जब जनता पार्टी का प्रयोग विफल हुआ और कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा, तब अटलजी ने BJP का गठन किया। उनका यह कहना कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं की जुबां पर है। उन्होंने BJP को आक्रामकता की नींव पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के स्तंभ पर खड़ा किया।

आज सच्चे राजनेता के तौर पर अटलजी की विरासत एक मिसाल है। उन्होंने साबित किया कि गैर-कांग्रेसी सरकारें भी कार्यकाल पूरा कर सकती हैं। 20 से अधिक दलों को साथ लेकर NDA का गठन किया। हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करने वाले अटल जानते थे कि भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र की ताकत उसका लचीलापन है। लखनऊ में मैंने कई बार देखा कि वह सुबह किसी आलोचक के साथ हंसी-मजाक करते और शाम तक वह शख्स सरकार के विधेयक का समर्थन कर देता। उनके लिए विपक्ष दुश्मन नहीं रहा और देश हमेशा पार्टी से ऊपर। पीवी नरसिम्हा राव ने उन्हें कश्मीर पर पक्ष रखने के लिए जिनेवा भी भेजा।



पीएम बनने के बाद उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। पोखरण में परमाणु परीक्षण कर उन्होंने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया। तब पश्चिम ने हमें डराने की पूरी कोशिश की, मगर वह अटल रहे। अर्थव्यवस्था में जान डालने के लिए उन्होंने कई काम किए। दिल्ली, मुंबई, चेन्नै, कोलकाता को जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की शुरुआत की। शहर को गांव से जोड़ने के लिए PMGSY उन्हीं की सोच थी। आज हर हाथ में मोबाइल उन्हीं की टेलिकॉम क्रांति की वजह से है। अंधाधुंध सरकारी खर्च पर रोक लगाने के लिए वह FRBM अधिनियम लेकर आए।

पाकिस्तान के साथ शांति के लिए तत्पर रहे। 1999 में बस से लाहौर गए। मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया। नवाज शरीफ को गले लगाया, मगर पाकिस्तान ने करगिल में घुसकर हमारी पीठ में छुरा घोंप दिया। इससे नाराज होकर उन्होंने सेना को पूरी छूट दी और पाकिस्तान से युद्ध में हमें जीत मिली।

## हम नहीं झुकेंगे

अटलजी उम्दा कवि थे। परमाणु परीक्षण के बाद जब दुनिया ने भारत को अलग-थलग करने की कोशिश की तो उन्होंने प्रेस बयान जारी किए बगैर एक लाइन लिखकर दुनिया को बता दिया कि 'हम नहीं झुकेंगे, हम नहीं रुकेंगे।' उनका न होना एक भारीपन का अहसास कराता है। भाषण के बराबर ही उनका मौन अहम माना जाता था। उनके भाषण को सत्ता पक्ष के साथ-साथ पूरा विपक्ष भी सुनता था। आपातकाल में उन्हें जेल भेजा गया, मगर अटलजी ने कभी इसका बदला नहीं लिया। मैं जब उनके जीवन को देखता हूं तो लगता है कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि नीति या इमारत नहीं, बल्कि वह विश्वास था जो उन्होंने कमाया।

लखनऊ वालों के लिए अटलजी गए नहीं हैं। वह हजरतगंज की हवाओं में हैं, पुराने कॉफी हाउस की चर्चाओं में हैं और शहरी तौर-तरीके व तहजीब में हैं। मैं बस यही कहूंगा कि अटलजी आपके करोड़ों शिष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उस दीये को जलाकर रखे हुए हैं। आपकी भविष्यवाणी की तरह ही कमल खिल चुका है और सूरज चमक रहा है।

*(लेखक राज्यसभा सांसद हैं और UP के उप-मुख्यमंत्री रहे हैं)*

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

# कमज़ोर और वंचित के लिए आशा का संदेश है क्रिसमस

जनीना गोम्स

जीवन की यात्रा में हमें अनेक पड़ाव पार करने होते हैं। क्रिसमस को जब तक हम याद रखेंगे, जीवन में प्रेम और करुणा का अंत नहीं होगा। जीवन अनिश्चित है और हम नहीं जानते कि कल क्या होगा। यीशु के जन्म का संदेश हमें यह आश्वासन देता है कि चाहे कितनी त्रासदियां और कठिनाइयां क्यों न आएं, ईश्वर हमें कभी नहीं छोड़ेगा – वह हमेशा हमारे साथ है।

क्रिसमस ईश्वर के मनुष्य बनने के उपहार का उत्सव है। यह जितना सामुदायिक है, उतना ही पारिवारिक भी, क्योंकि इसमें हम अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांटते हैं। यह आनंद केवल किसी विशेष या संपन्न वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सद्भावना रखने वाले सभी लोगों के लिए है। हमारा उद्धार करने के लिए यीशु मनुष्य का रूप और स्वभाव धारण करके आए। वह सब कुछ समझते थे।

AI Image



उन्होंने बीमार और असहाय लोगों को चंगा किया। उन्होंने उस विधवा के दुख को समझा, जिसने अपना इकलौता बेटा खो दिया था। उन्होंने भीड़ की भूख और प्यास को महसूस किया। वह हमेशा करुणा और प्रेम के साथ दूसरों की ओर बढ़े।

आज बहुत से लोग यह भूल गए हैं कि वास्तव में मनुष्य होना क्या है। वह उन लोगों की पुकार सुनते हैं जो क्रूरता के शिकार हैं और जिनके लिए जीवन एक निरंतर संघर्ष बन गया है। वह धरती माता की कराह भी सुनते हैं, जिसे प्रकृति के प्रति हमारी लापरवाह उपेक्षा ने उजाड़ दिया है। कमजोर केवल वे नहीं हैं जो शारीरिक, मानसिक या सामाजिक कारणों से वंचित हैं, बल्कि वे भी हैं जो युद्धों, उत्पीड़न, जलवायु संकट और अन्य खतरों से बचने के लिए अपना देश छोड़ने को मजबूर हैं।

आइए! इस क्रिसमस पर हम प्रेम का परिधान धारण करें। ऐसा प्रेम जो समस्त मानवता को अपने आलिंगन में ले। ईश्वर के मनुष्य बनने के रूप में प्रकट यह दिव्य प्रेम हमें आमंत्रण देता है कि हम 'दूसरे' के प्रति घृणा त्याग कर सबको ईश्वर की दृष्टि से देखें, क्योंकि दिव्यता किसी के साथ पक्षपात नहीं करती।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRP7 User: cci Time: 12-25-2025 21:55 Color:



## फटाफट खबरें

### ओडिशा में बंगाल के मजदूर की हत्या

■ भाषा, संबलपुर/कोलकाता : ओडिशा के संबलपुर जिले में बीड़ी को लेकर हुए झगड़े के बाद पश्चिम बंगाल के एक प्रवासी मजदूर की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जुएल शेख (30) पश्चिम बंगाल के कुछ अन्य लोगों के साथ ऐंथापल्ली पुलिस थाना क्षेत्र के शांति नगर में एक इमारत के निर्माण स्थल पर काम कर रहा था। वे बुधवार रात काम से लौट रहे थे तो छह लोगों ने उन्हें रोककर बीड़ी मांगी। इस पर कहासुनी हुई और हाथापाई हो गई। जुएल की जमकर पिटाई की गई और संबलपुर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### नांदेड़ में परिवार के चार लोग मृत मिले

■ भाषा, नांदेड़ : महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर एक किसान, उसकी पत्नी और उसके दो बेटों के शव मिले। संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे मुदखेड़ तहसील के ज्वाला मुरार गांव स्थित अपने घर में एक खाट पर रमेश सोनाजी लखे (51) और उनकी पत्नी राधाबाई लखे (45) के शव मिले। उनके बेटों उमेश (25) और बजरंग (23) के शव पास की रेलवे लाइन पर मिले। फरेंसिक टीम को सबूत इकट्ठा करने के लिए कहा है।

# ओडिशा में मारा गया गणेश टॉप-10 नक्सलियों में था

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com




सरकार लगातार नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने की अपील करती रही है।

■ नई दिल्ली : ओडिशा में गुरुवार सुबह नक्सलियों के टॉप-10 कमांडरों में शामिल गणेश उइके (69) अपने पांच अन्य साथियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इसे नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके और पांच अन्य नक्सलियों के मारे जाने को अगले साल 31 मार्च तक देश को नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है।

छत्तीसगढ़ पुलिस में बस्तर रेंज के IG सुंदरराज. पी ने NBT को बताया कि गुरुवार को हुई मुठभेड़ ओडिशा के कंधमाल-गंजाम क्षेत्र में हुई, जिसकी शुरुआत 24 दिसंबर से हुई। पहले बुधवार रात बेलघर थाना क्षेत्र के गुम्मा जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ के एक महिला समेत दो माओवादी मारे गए। फिर गुरुवार सुबह चकापाद थाना क्षेत्र के एक जंगल में फिर से मुठभेड़ हुई, जहां गणेश उइके समेत चार अन्य माओवादी मारे गए। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन को ओडिशा पुलिस, सीआरपीएफ और बीएसएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर उड़ीसा के कंधमाल और गंजाम जिलों के सीमावर्ती वन क्षेत्रों में अंजाम दिया।



> ओडिशा में कंधमाल के जंगलों में चलाये गये एक व्यापक अभियान में माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके और पांच अन्य नक्सली का मारा जाना बड़ी सफलता है। इसके साथ ही ओडिशा नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त होने की कगार पर है। -अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### कौन था गणेश उइके?

मुठभेड़ में मारा गया गणेश उइके प्रतिबंधित CPI (माओवादी) संगठन की सेंट्रल कमिटी सदस्य (CCM) और ओडिशा स्टेट कमिटी का चीफ था। गणेश उइके को रूपा उर्फ राजेश तिवारी उर्फ पक्का हनुमंतु उर्फ सोमारू जैसे कई उपनामों से भी जाना जाता था। वह तेलंगाना राज्य के नलगोंडा जिले के चेंदुर मंडल स्थित पुल्लेमला गांव में पैदा हुआ था। वह 1988 से दंडकारण्य क्षेत्र में माओवादी संगठन का एक वरिष्ठ सक्रिय कैडर था। जिसने जगदलपुर में सिटी ऑर्गनाइजर (1988-1998), वेस्ट बस्तर डिवीजनल कमिटी के सचिव (1998-2006) और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य (2006 के पश्चात) के रूप में कार्य किया।

SWAMIH-2 फंड को सरकार दे रही अंतिम रूप

# अटके प्रोजेक्टों में एक लाख घर बनाए जाएंगे

■ पीटीआई, नई दिल्ली



AI image

घर खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। सरकार SWAMIH-2 फंड की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रही है। इसके तहत अटकी परियोजनाओं में एक लाख घर तैयार किए जाएंगे।

सूत्रों के अनुसार, आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अंतिम चरण की फंडिंग उपलब्ध कराने की कवायद तेज है। 15,000 करोड़ रुपये के इस फंड के शुरू होने से लगभग एक लाख मध्यम वर्गीय घर खरीदारों को राहत मिलेगी, जिनका निवेश फंसा हुआ है, जबकि वे अपने अपार्टमेंट के लिए लिए गए ऋण की ईएमआई का भुगतान कर रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए सरकार ने बजट 2025-26 में 'स्पेशल विंडो फॉर अफोर्डेबल एंड मिड-इनकम हाउसिंग' (SWAMIH) फंड के लिए 1,500 करोड़ की सीड कैपिटल पहले ही आवंटित कर दी है।

2019 में केंद्र सरकार ने SWAMIH फंड की घोषणा की थी।

सूत्रों ने बताया कि नए फंड के लिए जनादेश (मैंडेट) को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही मंजूरी दी जाएगी। यह फंड व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं को लास्ट-माइल फंडिंग उपलब्ध कराएगा और अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं में निवेश को अनलॉक करेगा। नवंबर 2019 में केंद्र सरकार ने देशभर में अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए SWAMIH नामक एक स्ट्रेस फंड की घोषणा की थी। इसके तहत एक वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) के रूप में 'स्पेशल विंडो' बनाई गई थी।

**SWAMIH फंड-1 : अगले 3-4 वर्षों में 30 हजार और घरों को सौंपने का लक्ष्य**

- SWAMIH फंड-1 के तहत, संकटग्रस्त आवासीय परियोजनाओं में 55,000 से अधिक आवास इकाइयों का निर्माण पूरा किया जा चुका है।
- अगले 3-4 वर्षों में 30,000 और घरों को सौंपने का लक्ष्य है।
- वर्तमान में इस फंड के पास लगभग 30 निवेश पेशेवर हैं, जिनका औसत उद्योग अनुभव 15 वर्षों का है।
- SWAMIH फंड-1 के तहत अब तक 15,530 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं।

### हरदोई में बस और ट्रक की टक्कर, 9 लोग हुए घायल

■ भाषा, हरदोई : यूपी के हरदोई जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के घने कोहरे के बीच रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में बस चालक और परिचालक समेत नौ यात्री घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर है। हरपालपुर के सीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली से आ रही रोडवेज बस कोहरे के कारण कटरा-बिल्हौर राजमार्ग पर लमकन गांव के पास एक ट्रक से टकरा गई, जिससे नौ लोग घायल हो गए। घायलों को हरपालपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# कर्नाटक हादसे में बस ड्राइवर का दावा, ट्रक डिवाइडर पारकर सामने से टकराया

■ भाषा, चित्रदुर्ग/बेंगलुरु



TOI

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार रात हुए सड़क हादसे में पांच लोग मारे गए।

मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की गई है।

**कर्नाटक के** चित्रदुर्ग जिले में बुधवार देर रात एक ट्रक के बस से टकराने की घटना के संबंध में बस चालक ने बताया कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक को देखकर उसने अपने वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। इस हादसे में पांच लोग मारे गए। बस चालक रफीक घायल हो गया, जिसका इलाज किया जा रहा है।

इस दुर्घटना में घायल बस ड्राइवर रफीक ने बताया कि ट्रक डिवाइडर को पार कर सामने से आ रही बस से टकरा गया। ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी। उस समय बस 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। रफीक का दावा है कि उसने सामने से वाहन को आते देखा। उसे केवल इतना याद है कि ट्रक बस से टकराया, उसके बाद क्या हुआ और वह कैसे बाहर निकाला गया, यह याद नहीं है।

रफीक ने कहा कि सामने से वाहन को आते देख बस को नियंत्रित करने की कोशिश की। बस बगल से जा रहे एक अन्य वाहन से भी छू गई थी। उसे नहीं पता वह कौन सा वाहन था।

# जयपुर में बर्थडे पार्टी, मैनेजर से कार में गैंगरेप, CEO भी आरोपी

- IT कंपनी के सीईओ, एग्जीक्यूटिव हेड और उसके पति पर आरोप।
- FIR दर्ज, पूछताछ के लिए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

■ NBT रिपोर्ट : जयपुर की एक IT कंपनी की मैनेजर ने आरोप लगाया है कि कंपनी के सीईओ और एक एग्जीक्यूटिव हेड के पति ने चलती कार में उसके साथ गैंगरेप किया। आरोप है कि घटना के समय महिला एग्जीक्यूटिव हेड खुद भी मौजूद थी। पूछताछ के लिए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

TOI के मुताबिक, यह घटना कथित तौर पर 20 दिसंबर को जयपुर के सुभाष इलाके में कंपनी के सीईओ के जन्मदिन के अवसर पर हुई। पीड़िता, जो एक निजी आईटी कंपनी में मैनेजर है, सौभाग्यपुरा स्थित एक होटल में रात 9 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित जन्मदिन और नए साल की पार्टी में शामिल हुई, जहां भारी मात्रा में शराब पी गई। पार्टी समाप्त होने के बाद पीड़िता नशे की हालत में लगभग बेहोश हो गई।

आरोप है कि सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव हेड और उसके पति ने पीड़िता को घर छोड़ने की पेशकश की। घर ले जाने के बजाय वे एक स्थानीय दुकान पर रुके और उसे सिगरेट जैसी दिखने वाली कोई चीज जबरन सेवन कराने को कहा, जिससे वह बेहोश हो गई। आंशिक होश आने पर पीड़िता ने आरोप लगाया कि सीईओ ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जबकि एग्जीक्यूटिव हेड के पति ने वाहन के भीतर उसके साथ रेप किया। पीड़ित महिला का कहना है कि घर ले जाने की गुहार के बावजूद उसे कथित तौर पर सुबह करीब 5 बजे छोड़ा गया। बाद में पीड़िता ने कार के डैशकैम की फुटेज देखी, जिसमें कथित अपराध रिकॉर्ड था। 23 दिसंबर को मामले में गैंगरेप का केस दर्ज किया गया।

### 10वीं मंजिल से गिरे, 8वीं पर अटके

सूरत की घटना, बुजुर्ग को बचा लिया गया।

■ भाषा, सूरत : गुजरात के सूरत में गुरुवार को एक व्यक्ति 10वीं मंजिल स्थित अपने फ्लैट में खिड़की के पास सो रहे थे, तभी नीचे गिर गए। वे आठवीं मंजिल की खिड़की के बाहर लगी मेटल की ग्रिल में फंस गए, जिसके बाद उन्हें बचा लिया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नितिन आदिया (57) एक घंटे तक दर्द से कराहते हुए उल्टा लटके रहे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। घटना के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### शिमला में मरीज़ से मारपीट में डॉक्टर नौकरी से बाहर

शिमला के अस्पताल की घटना का विडियो हुआ था वायरल।

■ भाषा, शिमला : हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (IGMC) में मरीज के साथ हाथापाई के आरोपी डॉक्टर की सेवा बुधवार को समाप्त कर दी। अशोभनीय आचरण में लिप्त पाए जाने के बाद डॉक्टर के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

यह घटना सोमवार को हुई थी, जिसकी जांच के लिए गठित एक समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में दोनों पक्षों शिमला में एक निजी अकादमी में पढ़ने वाले मरीज अर्जुन सिंह और वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर राघव नरूला को दोषी पाया गया। चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान निदेशक द्वारा बुधवार शाम जारी आदेश में कहा गया है कि मरीज और वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर दोनों इस घटना के लिए जिम्मेदार थे, जो कदाचार, दुर्व्यवहार, एक लोक सेवक के लिए अशोभनीय कार्य और रेजिडेंट डॉक्टर नीति-2025 का उल्लंघन है। आदेश में कहा गया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर, डॉ. राघव नरूला की सेवाएं रेजिडेंट डॉक्टर पॉलिसी-2025 के खंड 9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूं / पीलीभीत वृत, लो०नि०वि०, बरेली**

पत्रांक: 9447/7निविदा (सी०डी०-2) (ई०टे०)-8/25-26 दिनांक:19.12.2025

**निविदा शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के ऑन लाइन ई०-टेण्डर नोटिस संख्या-9061 /7 निविदा(पी०डी०) (ई०टे०)-8/25-26 दिनांक 08.12.25 के माध्यम से प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बदायूं के कार्यक्षेत्र में जनपद बदायूं में वर्ष 2024-25 में राज्य योजना के अंतर्गत पुवायां तिलहर दातागंज बदायूं मार्ग (राज्य मार्ग सं.-126) के किमी० 95.230 से 122.43 तक (लम्बाई 27.20 किमी०) 02 लेन विद पेव्ड शोल्डर कार्य हेतु ई०-निविदायें पोर्टल पर आमंत्रित की गयी हैं। आमंत्रित निविदायें दिनांक 23.12.2025 से दिनांक 15.01.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑन-लाइन सबमिट (BID SUBMISSION END DATE ) 0778) कर दिनांक 15.01.26 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना निर्धारित है।

अपरिहार्य कारणों से अब उक्त कार्य हेतु निविदायें दिनांक 16.01.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑन-लाइन सबमिट (BID SUBMISSION END DATE) की जा सकेगी एवं दिनांक 16.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे पूर्व निर्धारित स्थान पर ऑन-लाइन खोली जायेगी।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बदायूं

(के०के०सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूं-पीलीभीत वृत, लो०नि०वि०, बरेली

UPID-243049 DT 24.12.2025
www.upgov.nic.in

Raymond
upto 60% off
Extra fine Wool, Silk, Linen & Cotton Fabrics
FESTIVAL & WEDDING COLLECTION
SHIRTS • TROUSERS • BLAZERS
SUITS & ETHNIC WEAR
2026 Happy New Year
GIFT PACKS AVAILABLE
BY ECONOMY SALES
(M): 9212758425
Raymond | PARK AVENUE | ColorPlus | parx | ARROW
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

**पूर्वोत्तर रेलवे** ई-आक्शन सूचना

सं०- सी/54/डब्लयूवीएम/ई आक्शन दिनांक 24.12.2025

वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से वाटर वेंडिंग मशीन ठेकों के आवंटन हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है-

| श्रेणी | कैटलॉग सं० | ऑक्शन प्रारम्भ | ऑक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| डब्लयू वी एम | C-54-WVM-25-08 | 07.01.26/12:00:00 | 07.01.26/13:20:00 |

| क्रम सं० | स्टेशन | स्टेशन कोड | श्रेणी | लोकेशन(प्लेटफार्म सं०) दोनों छोर की ओर | वाटर वेंडिंग मशीन की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पीलीभीत | PBE | S | 02/03 | 02 |
| 02 | रूद्रपुर सिटी | RUPC | B | 01 | 02 |
| 03 | हल्द्वानी | HDW | B | 01 | 02 |
| 04 | बरेली सिटी | BC | B | 02/03 | 02 |
| 05 | लालकुआं | LKU | B | 04/05 | 02 |
| 06 | काशीपुर | KPV | B | 02/03 | 02 |

1. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 2. उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। 5. सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

पूजासं/वाणिज्य-211 सहायक वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**
**शुद्धिपत्र**

निविदा सं. 70/25/0029 दिनांक: 20/12/2025। "डब्ल्यूएजी-9एच श्रेणी के प्रेट इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए इंटीग्रेटेड लोकोमोटिव किट" के क्रय हेतु टी/केस सं. 70/25/0029 के लिए निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, अर्थात निविदा खुलने की तिथि (टीओडी से) (मौजूदा) का पुनर्निर्धारण : 24/12/2025। अब पढ़ी जाएगी: 24/01/2026।

PR6/270 सामग्री/मुख्यालय-II/विविध/चित्तरंजन
हमें यहां देखें: www.facebook.com/clwrailways

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली निविदा नोटिस का द्वितीय संशोधन**

खुली निविदा सूचना सं. EPC/PSI/BSB-PRYJ_NER दिनांक 19.11.2025, कार्य का नाम ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के वाराणसी-प्रयागराज खण्ड में 2x25 kV AT कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये हैं- क्र.सं. :- 1. मापदंड:- पैरा 1.4 पेज सं० 150 के ईपीसी दस्तावेज में परिवर्तन के संबंध, पहले प्रकाशित:- , संशोधित:- पैरा 1.4 पेज सं० 150 के ईपीसी दस्तावेज में परिवर्तन के संबंध, अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना)
पूजासं/विद्युत-227 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित करते हैं। इन टेण्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। **निविदा सूचना एवं क्रमांक** : बीपीएल/एसएंडटी 2025-26 सिगनल 13, **कार्य का नाम** : सिग्नलिंग एंड टेलीकॉम वर्क्स इन्वॉल्विंग EI अल्टरेशन एंड अदर मिसलेनियस वर्क्स इन कनेक्शन विद ROB/रिमॉडलिंग ऑफ भोपाल डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत** : 1,15,40,707.54, **निविदा फार्म की कीमत** (non refundable) : लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशि** : 2,07,700.00, **कार्य समापन की अवधी** : 06 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय** : दिनांक 14/01/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 14/01/2026 को 15.30 बजे, **निविदा सूचना एवं क्रमांक** : बीपीएल/एसएंडटी 2025-26 सिगनल 14, **कार्य का नाम** : BPL Div: प्रोविजन ऑफ फायर अलार्म सिस्टम एट वैरियस लोकेशन i.e. स्टेशन्स,C/BH/RH अलोंग विद CAMC अक्रॉस भोपाल डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत** : 6,14,32,295.16, **निविदा फार्म की कीमत** (non refundable) : लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशि** : 4,57,200.00, **कार्य समापन की अवधी** : 12 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय** : दिनांक 16/01/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 16/01/2026 को 15.30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार** पुत्र कंवल सिंह **निवासः** बीपीओ, पाई सोनीपत, हरियाणा-131001, ने **CC No. 5897/19 U/s 138 NI Act. थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **देवेन्द्र कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **देवेन्द्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 5897/19 U/s 138 NI Act. थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
जेएमएफसी-14, कमरा नं. 14
(उत्तर) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15837/RD/2025
(Court Notice)

**पहचान की अपील**




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र अज्ञात पता अज्ञात जिसकी **उम्र** करीब 50 वर्ष, **कदः** 5'2", **रंगः** गहरा, **शरीरः** पतला, **चेहराः** गोल, जिसने काले रंग का स्वेटर, लाल रंग की कमीज और ग्रे रंग की पैंट पहनी है। जो कि 05.12.2025 को शाम 6:34 बजे जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन गेट नं. 1, दिल्ली में मृत अवस्था में मिला और उसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृत शरीर को 72 घंटो के लिए एमएएमसी शवगृह में पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.51A and DD No.96A दिनांकः 05.12.2025 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** थाना जामा मस्जिद, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थानाः जामा मस्जिद, दिल्ली
फोन नं. 011-23269777, 23261625
मो.: 8750870422

DP/17169/CD/2025



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in